

MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE
PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

# धामी सरकार की श्रमिकों को बड़ी सौगात, बच्चों को देगी निःशुल्क रोजगारपरक शिक्षा

निःशुल्क पढ़ाई

8 -पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को पॉलिटेक्निक और आईटीआई में मिलेगी निःशुल्क पढ़ाई



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धामी सरकार उत्तराखंड भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के मार्फत पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों को बड़ी सौगात देने जा रही है।

ऐसे सभी श्रमिकों को सरकार बोर्ड के बजट से ईएसआई (मेडिकल सुविधा) और बच्चों को निःशुल्क रोजगारपरक शिक्षा देगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार उत्तराखंड में निर्माण क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत श्रमिकों और ई पोर्टल में पंजीकृत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को बड़ी योजना पर काम कर रही है।सरकार यह कार्य पंजीकृत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रस्तावित योजना से करने जा रही रही है। योजना के मुताबिक सरकार बोर्ड देहरादून में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को आईटीआई, पॉलिटेक्निक में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करने जा रही है।योजना में प्रवेश पाने वाले बच्चों के लिए बोर्डिंग (हॉस्टल की व्यवस्था), यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकों, आदि पर खर्च होने वाली धनराशि पूरी तरह बोर्ड वहन करेगा। इन आईटीआई और पॉलिटेक्निक से 3 साल में 75 बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त होगी। इसके अलावा इन बच्चों के हॉस्टल पर होने वाला खर्चा भी बोर्ड उठाएगा। सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों को मेडिकल सुरक्षा की ईएसआई जैसी बड़ी सौगात देने का भी निर्णय लिया है। अभी तक श्रमिक इस सुविधा से वंचित थे।

सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों को किसी तरह की आयु सीमा का बंधन छोड़ सभी को ईएसआई की सुविधा देने की योजना बनाई है। इस पर आने वाला संपूर्ण खर्चा बोर्ड उठाएगा।

यह योजना पंजीकृत श्रमिकों की सुरक्षा कवच के रूप में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बोर्ड के अनुसार पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को राजकीय शिक्षण संस्थानों में डॉक्टरी, इंजीनियरिंग और अन्य समकक्ष शिक्षा में प्रवेश होने पर पूरी फीस बोर्ड की ओर से वाहन की जाएगी।

योजना में इन श्रमिकों को किया जाएगा शामिल-
उत्तराखंड में कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिको, के अलावा अंसगठित श्रमिकों, घरेलू,मनरेगा, एसएचजी, कृषि एवं भूमिधर, आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी वर्कर्स, नगरीय असंगठित श्रमिकों, ठेला, फेरीवाला, ईट भट्टा, मछुवारों, आदि श्रमिकों को योजना में शामिल किए जाने की योजना है।

# मंत्री जोशी ने सुनीं प्रधानमंत्री के 'मन की बात', बोले-मिलती है रोचक जानकारियां

"मन की बात"

8 जोशी ने "मन की बात" का 110वां संस्करण को पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के साथ सुना।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कृषि और कृषक मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को हाथीबड़कला में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 76 में प्रधानमंत्री मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" का 110वां संस्करण को पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों के साथ सुना। इस दौरान मंत्री ने कहा कि हर संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी कई रोचक जानकारी देते हैं।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम लोगों को नए कार्य करने और समाज के लिए अनेक कार्य करने की प्रेरणा देता है। में प्रधानमंत्री ने ड्रोन दीदी का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा समय के साथ-साथ ड्रोन का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व हो गया है। उन्होंने कहा चाहे कृषि का क्षेत्र हो या सर्वेक्षण का क्षेत्र हो। अब तो दूरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से दवाइयां भेजी जा रही है।

मंत्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री रेडियो कार्यक्रम मन की बात में लोगों को अनेक प्रकार की विभिन्न जानकारी मिलती है। इसलिए मन की बात कार्यक्रम को अवश्य सुनना चाहिए।

## युवती ने की आत्महत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के कोतवाली मंगलौर से एक युवती के खुदकुशी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि परिवार से मामूली बात से नाराज होकर युवती ने यह खौफनाक कदम उठाया। युवती के सुसाइड की खबर मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई है।

मंगलौर कस्बा चौकी क्षेत्र में एक मोहल्ला निवासी युवती का शव सुबह कमरे में पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि युवती की परिवार में किसी सदस्य के साथ कहासुनी हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर युवती घर के ऊपर वाले कमरे में चली गई।

# सकारात्मक सोच के लिए प्रधानमंत्री के 'मन की बात' प्रेरित करती है: रेखा आर्या

'मन की बात'

8 'मन की बात' संपूर्ण देश की आवाज बन चुकी है और नई ऊर्जा का संचार करने का काम किया है



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम सदैव ही हमें राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच के साथ स्वयं की भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। आज प्रधानमंत्री के 'मन की बात' संपूर्ण देश की आवाज बन चुकी है और समाज में नई ऊर्जा का संचार करने का काम किया है।

मंत्री रेखा आर्या ने राजपुर विधानसभा स्थित अंबेडकर नगर मंडल के बूथ संख्या 6, शक्ति केंद्र-25 के इंद्रेश नगर वार्ड में कुलभूषण अग्रवाल के आवास पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के 110 वें संस्करण को कार्यकताओं के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से मन की बात कार्यक्रम को सुनने की अपील की। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मंत्री ने कहा कि 9 साल पहले 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री की ओर से विजयादशमी से शुरू किया गया, मन की बात का यह ऐतिहासिक सफर आज अपने 110वें पड़ाव पर पहुंचा है। जनता और प्रधानमंत्री मोदी के बीच मजबूत जुड़ाव और लगाव का।साथ ही इस कार्यक्रम से अनेक प्रकार की विभिन्न जानकारी प्राप्त होती है, इसलिए हर एक व्यक्ति को 'मन की बात' कार्यक्रम को अवश्य सुनना चाहिए।उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्यों को निभाते हुए ही हम अपने लक्ष्यों को पा सकते हैं और अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। साथ ही कर्तव्य की भावना हम सभी को एक सूत्र में पिरोने व बांधने का काम करती है।प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम हमेशा नई ऊर्जा के साथ हमें समाज में एक नवीन सकारात्मक सोच के साथ बदलाव में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

इस मौके पर मंत्री रेखा आर्या ने सभी कार्यकताओं से केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि 18वीं लोकसभा के चुनाव हम सब के नजदीक है। ऐसे में हमें चाहिए कि हम सरकार की योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी, सफेद चादर से ढके कई गांव

**उत्तराखंड /टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में देर रात को हुई बर्फबारी के बाद सुबह जब धूप निकली तो वादियां चांदी सी चमक उठीं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी अब निचले क्षेत्रों तक भी पहुंच गई। गांव में चौक, खेत खलियान और आम रास्ते बर्फ से ढक गए। रात को पाला गिरने से बर्फ जम गई। अब ठिठुरन भरी ठंड पड़ रही है।

रामणी गांव के ग्राम प्रधान सूरज पंवार ने बताया कि बर्फबारी के बाद धूप खिलने से थोड़ी राहत मिली है। घूनी, पडेरगांव, जोशीमठ के साथ ही तपोवन क्षेत्र के गांवों में भी बर्फबारी हुई है। पोखरी ब्लॉक के मोहनखाल, ब्राह्मण थाला, नैल, कलसिर गांव में भी बारिश के साथ ही बर्फबारी हुई। शनिवार को बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ, लाल माटी, औली, गौरसों बुग्याल, फूलों की घाटी सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जमकर बर्फबारी हुई थी। जिसके बाद ठिठुरन बढ़ गई है।

बर्फबारी से निचले क्षेत्रों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है। जोशीमठ नगर क्षेत्र में इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई, लेकिन बर्फ जल्दी पिघल गई। शनिवार को बर्फबारी होने से बदरीनाथ हाईवे और मलारी हाईवे पर जमी बर्फ हटाने का कार्य प्रभावित हो गया था। दोपहर बाद जैसे ही बर्फबारी शुरू हुई तो दोबारा वहां बर्फ जम गई जहां से बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) ने बर्फ हटाई थी। इधर, औली रोड पर बर्फबारी के बाद फिसलन बढ़ गई है। वहीं, यमुना घाटी में देर रात तक हुई बर्फबारी के बाद सुबह मौसम साफ हो गया। चटख धूप खिलने के बीच यमुनोत्री घाटी के साथ मां यमुना के मायके खरशालीगांव में स्थित यमुना मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर का भी अद्भुत नजारा दिखा।

### पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई कर वन तस्कर को दबोचा

**लोहाघाट (चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस व वन विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को देवदार की 50 अवैध बल्लियों के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को सीज किया गया है।

शनिवार मध्य रात्रि को थाना लोहाघाट क्षेत्र अंतर्गत पुलिस व वन विभाग टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम नाकोट थाना लोहाघाट के पास दौरान चेकिंग वाहन संख्या यूके08टीए/0014 (पिकप) से चालक राजेंद्र सिंह फर्त्याल पुत्र पूरन सिंह निवासी डिग्री कॉलेज लोहाघाट के कब्जे से देवदार की अवैध 50 बल्लियों को परिवहन करते हुए पाया गया। लकड़ी के सम्बंध में आवश्यक प्रपत्र/ कागजात मांगने पर राजेंद्र सिंह द्वारा कोई प्रपत्र नहीं दिखाए गए। इस पर उसे गिरफ्तार कर माल को कब्जे में ले लिया गया। बाद उसे बल्लियों के साथ आवश्यक कार्रवाई के लिए वन विभाग के सुपुर्द किया गया।

### लोस चुनाव को लेकर धामी सरकार अलर्ट मोड पर, मिले 315 संदिग्ध

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत धामी सरकार अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में हल्द्वानी हिंसा से सीख लेते हुए प्रदेश भर में संदिग्धों पर पुलिस-प्रशासन की कड़ी नजर है। दून पुलिस ने रविवार को डोर-टू-डोर दस्तक दी तो कुल 315 संदिग्ध मिले, जिन्हें थाने लाकर पूछताछ की और 151 व्यक्तियों का चालान कर 41250 रुपये जुमार्ना लगाया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह के निर्देश पर शहर से देहात तक विभिन्न संदिग्ध बस्तियों में पुलिस ने बृहद स्तर पर डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलाया। रविवार को पांच घंटे तक चले सत्यापन अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीम ने पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्रों में निवासरत किराएदारों, बाहरी जनपदों से कार्य करने आने वाले लोगों, रेहड़ी-ठेली वालों, स्क्रैप डीलर-कबाड़ियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया। पुलिस टीम ने डोर-टू-डोर सत्यापन में कुल 5871 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की।

908 मकान मालिकों पर 90.80 लाख जुमार्ना-
इसके अलावा किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले 908 मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 90,80,000 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

# उत्तराखंड : मौसम विभाग का अलर्ट, बरतें सतर्कता वरना होगा भारी नुकसान




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है। चटख धूप खिलने से दोपहर गर्म है तो वहीं सर्द हवाएं चलने से पहाड़ से मैदान तक सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रह सकता है। जबकि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलने का अनुमान है।

मौसम विभाग

8 मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रह सकता है।

उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल जिले में 27 फरवरी तक पाला पड़ने, आकाशीय बिजली चमकने-गिरने से जान-माल हानि की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने सावधानी के साथ सतर्कता बरतने की सलाह दी है। पाला से फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। 26-27 फरवरी तक 2800 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के भी आसार हैं। इससे सड़कें फिसलन भरी होंगी। मैदान से लेकर पहाड़ तक रात और सुबह के समय ठंड और बढ़ेगी। 26-27 फरवरी को पर्वतीय क्षेत्रों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। ऐसे में ओलावृष्टि से पौधरोपण, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचेगी। जान-माल की हानि भी हो सकती है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दोपहिया वाहन चोर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद की लक्सर कोतवाली पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल और एक चाकू बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपित किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया।

लक्सर कोतवाली अंतर्गत सुल्तानपुर चौकी प्रभारी लोकपाल परमार ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया और एक मोटरसाइकिल सवार को गिरफ्तार किया। आरोपित के पास से एक चाकू और चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई।

# मलिक को पनाह देने वालों पर पुलिस की नजर

कार्रवाई

8 मलिक से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि वह कहां-कहां रूका था।



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
अब्दुल मलिक को पनाह देने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। अब्दुल मलिक को दिल्ली, गुजरात, मुंबई, चंडीगढ़ और भोपाल में किसने पनाह दी। इन पनाह देने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस के पास अभी तक दो लोगों की पुख्ता सूचना मिली है। जिन्होंने दो-दो दिन अब्दुल मलिक को अपने घर में रखा। उसे भागने के लिए गाड़ी भी उपलब्ध कराई।

अब्दुल मलिक उपद्रव के दिन से ही गायब है। वह 16 दिन अलग-अलग जगह रहा। उसे देश में पनाह देने वालों की कमी नहीं रही। अब्दुल मलिक को जिसने पनाह दी उसे मालूम था कि अब्दुल मलिक मोस्ट वांटेड है। उसके जगह-जगह पोस्टर लगे थे। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी हो चुका था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

16 दिन बाद पुलिस अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब्दुल मलिक से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि वह कहां-कहां रूका था। उसे भागने के लिए गाड़ी किसने उपलब्ध कराई। पूछताछ में अभी तक दो नाम सामने आए हैं। पुलिस जल्द ही इनको भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि पूछताछ चल रही है।

# स्नातकोत्तर परीक्षाओं का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

समीक्षा

8 ऋषिकेश परिसर में होने वाली स्नातकोत्तर परीक्षाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए तैयारियां की समीक्षा भी की।



**ऋषिकेश**
पंडित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड, विवि परिसर, ऋषिकेश में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी की स्नातकोत्तर परीक्षाओं का उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओपीएस नेगी ने औचक निरीक्षण किया।

ऋषिकेश परिसर में होने वाली स्नातकोत्तर परीक्षाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी तैयारियां की समीक्षा भी की।

परिसर में पीजी योग विज्ञान, भूगोल, एजुकेशन, टेक्निकल इंग्लिश, एवं अन्य पीजी प्रोग्राम की परीक्षाएं दोनों पालियों में की गई।

इस अवसर पर प्रोफेसर जीएस ढींगरा, डॉक्टर एस के कुड़ियाल, डॉक्टर आरके जोशी, रविंद्र सिंह,पवन कुमार, ऋषि प्रसाद एवं श्रवण उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : 19250 शिकायतों में से 10261 विद्युत उपभोक्ताओं का किया समाधान

समाधान

8 -प्रतिदिन 500 समस्याओं का हो रहा समाधान, -टोल फ्री नंबर पर दुर्गम गांव में घर बैठे कर सकते हैं शिकायत



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
धामी सरकार ऊर्जा प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी सेवाओं को लगातार बेहतर करने के प्रयास में जुटी हुई है। इस माह में ही अभी तक कुल 19250 शिकायतों में से 10261 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। विद्युत सेवाएं को लेकर टोल फ्री नंबर पर समस्या का समाधान दुर्गम गांव में घर बैठे किया जा रहा है।

यूपीसीएल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण' के मंत्र को आधार मान कर उपभोक्ताओं की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए केन्द्रीयकृत कॉल सेण्टर के संचालन, उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एप और जगह मेगा कैम्प / शिविरों का आयोजन को शुरूआत की थी। इसके तहत प्रदेश के दुर्गम गांव में रहने वाले लोगों की समस्याओं का घर बैठे ही समाधान हो रहा है। यूपीसीएल मुख्यालय स्थित 247 केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है।

आंकड़ों की बात करे तो वर्तमान में सेंटर में 105 कस्टमर सर्विस रिप्रजेंटेटिव कार्यरत हैं। इस सेंटर के माध्यम से प्रतिदिन 500 से अधिक उपभोक्ता अपनी विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। इस माह में ही अभी तक कुल 19250 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें से 10261 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

प्रबन्ध निदेशक, यूपीसीएल की ओर से समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उपभोक्ता सेवा केन्द्रों / राजस्व संग्रहण केन्द्रों पर दिव्यांगजनों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा व सुगमता के लिये केन्द्रों में सुरक्षित एवं आरामदायक बैठने का स्थान, बिल जमा करने के लिये पृथक लाईन और बिजली से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

शिकायत यहां कराएं दर्ज-
उपभोक्ता शिकायतों का त्वरित समाधान ना होने की स्थिति में यूपीसीएल के स्थानीय शिकायत केन्द्रों पर जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही स्वयं सेवा मोबाइल एप, यूपीसीएल की वेबसाइट www.upcl.org)), ई-मेल (ustomercare@upcl.org) एवं टोल फ्री नं. 1912 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# उपद्रवियों पर कसेगी नकेल, सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक लाएगी सरकार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इस बिल के तहत विरोध प्रदर्शन और हड़ताल के दौरान हुए नुकसान की वसूली उपद्रव में शामिल आरोपियों से की जाएगी।

उत्तराखंड में 26 फरवरी से विधनसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है।

सरकार सदन में विरोध प्रदर्शन के नाम पर सरकारी और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों पर लगाम लगाने के लिए 'उत्तराखंड सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक' लाएगी। बिल के नुकसान की भरपाई आरोपियों से होगी और इसके लिए सेवानिवृत्त जिला जज की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के राजकोट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 55 पृष्ठ: 08 RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com उत्तराखण्ड संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# 'सिमी' का सदस्य 22 साल बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित सिमी संगठन के सदस्य मोहम्मद हनीफ शेख को गिरफ्तार कर लिया है। वह 22 साल से फरार था। 2001 में न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने में दर्ज यूएपीए और राजद्रोह मामले में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। हनीफ शेख, सिमी पत्रिका 'इस्लामिक मूवमेंट' (उर्दू संस्करण) का संपादक था। 25 वर्षों के दौरान उसपर कई मुस्लिम युवाओं को शिक्षा दी। 'इस्लामिक मूवमेंट' पत्रिका पर छपा 'हनीफ हुडाई' नाम ही पुलिस के पास उपलब्ध एकमात्र सुराग था, जिसके कारण उसकी पहचान स्थापित नहीं हो सकी। पुलिस चार साल से उसका पीछा कर रही थी। डीसीपी स्पेशल सेल के मुताबिक मोहम्मद हनीफ उर्फ हनीफ शेख उर्फ हनीफ हुडाई, खड़का रोड भुसावल, जलगांव महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह महाराष्ट्र में भी यूएपीए अधिनियम और अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के मामलों में शामिल रहा है। जिसमें 2002 में अदालत ने हनीफ शेख को भगोड़ा घोषित कर दिया था। उसने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक और केरल में सिमी संगठन की बैठकों में भाग लेने व आयोजित करने जैसे मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब भी पुलिस या अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने सिमी संगठन पर कार्रवाई की, वह अपने अगले कदम का कोई निशान छोड़े बिना गायब होता गया।

**टीम ने कई राज्यों से एकत्र की जानकारी:** पुलिस का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों विशेषकर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दौरा कर सेल की टीम ने जानकारी एकत्र की। जानकारी मिली कि हनीफ अपनी पहचान बदलकर मोहम्मद हनीफ के रूप में कर ली है और अब वह महाराष्ट्र के भुसावल में एक उर्दू स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत है। 22 फरवरी को पुलिस की टीम ने मोहम्मदीन नगर से खड़का रोड से हनीफ को दबोच लिया। स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया (सिमी) का गठन 1976 में यूपी के अलीगढ़ में हुआ था। इस संगठन का विचार दार-उल-इस्लाम (इस्लाम की भूमि) की स्थापना करना था। "जिहाद" और "शहादत" सिमी के मूल नारे थे। विभिन्न राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में सिमी कार्यकताओं की संलिप्तता के कारण उक्त संगठन पर भारत सरकार द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था।

**आपत्तिजनक सामग्री और उत्तेजक साहित्य बरामद:** 27 सितंबर 2001 को सिमी के पदाधिकारी जब दिल्ली के जामिया नगर में अपने मुख्यालय के पास संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तभी पुलिस ने छापा मार कई सिमी कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया था। कई सिमी कैडर घटनास्थल से भाग गए थे।

# न्याय यात्राः एक साथ आए यूपी के 'लड़के'

'नफरत करने वालों को भी मोहब्बत सिखा देता है, ये आगरा है जनाब..'

**एकजुट**

8 अखिलेश यादव ने आगरा में भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ का नारा दिया



**टीम एक्शन इंडिया/आगरा**

**उत्तर** प्रदेश के आगरा में रविवार तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आयोजित हुई। इसमें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने शायराना अंदाज में भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि आगरा मोहब्बत की नगरी है। यहां से पूरे देश में मोहब्बत का संदेश जाना चाहिए। अखिलेश ने आगरा में भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ का नारा दिया।

कहा कि भाजपा पेपर लीक करने वाली पार्टी है। इनके नेता देश में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं। नौजवानों को रोजगार नहीं है। जवान डिग्री जलाने को मजबूर हैं। यह किसानों के लिए काले कानून लेकर आते हैं। अब भाजपा की विदाई तय है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत टेड़ी बगिया से हुई।

इसमें शामिल होने के लिए राहुल गांधी अलीगढ़ से होते हुए आगरा पहुंचे। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी इसमें हिस्सा लेने के लिए आगरा पहुंचे।

ऐसे में टेड़ी बगिया पर समाजवादियों ने होर्डिंग और बैनर से पूरा मार्ग पाट दिया। यात्रा राहुल गांधी की है, लेकिन रंग समाजवादी का खिला-खिला नजर आया।

## 'मोदी-शाह की ईडी-सीबीआई से हम नहीं डरते'

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा ने शनिवार को मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान भाई-बहन दोनों के निशाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रहे। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जनता का ध्यान बांटकर जनता की जेब कटवाकर अडानी-अंबानी की तिजोरी भरने में लगे हैं। जो विपक्षी दल इसके विरुद्ध आवाज उठाते हैं उन्हें मोदी और अमित शाह ईडी और सीबीआइ का डर दिखाकर मुंह बंद कराने का प्रयास करते हैं। मैं नफरत की दुकान बंद करने के लिए मोहब्बत का पैगाम लेकर निकला हूं। मोदी-शाह की ईडी-सीबीआइ से नहीं डरता हूं। देश की 90 प्रतिशत आबादी की भागेदारी की लड़ाई लड़ता रहूंगा। इसीलिए जातीय जनगणना कराने की मांग करता हूं। शनिवार को भाजपा जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर राहुल गांधी संभल चौराहे पर जनसभा में बोल रहे थे।

## ईडी और सीबीआई से डरा रहेः राहुल गांधी

**राहुल गांधी ने कहा कि एक** धर्म के लोगों को दूसरे धर्म के लोगों से लड़ाया जा रहा है। कोई नेता बोलता है तो पीछे अमित शाह डंडा लेकर खड़े रहते हैं। उनको ईडी और सीबीआइ से डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 50 प्रतिशत पिछड़े हैं। 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक, 15 प्रतिशत दलित, आठ प्रतिशत आदिवासी समाज की आबादी है। दो प्रतिशत अन्य शोषित समाज के लोगों को जोड़ लें। इस तरह करीब 90 प्रतिशत लोगों की कहीं भागीदारी ही नहीं है। देश की सबसे बड़ी कंपनियों के मालिकों में से एक भी इस आबादी से नहीं है। न्यायालयों एवं सरकार की अन्य बड़ी संस्थाओं में इनमें से कोई नहीं है। मीडिया में भी इस आबादी की भागेदारी दिखाई नहीं देती। हां, मनरेगा के मजदूरों की सूची में इनकी भागेदारी होती है। भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना कराए जाने की आवश्यकता है।

# बसपा सांसद रितेश पांडे भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर प्रदेश के अं**बेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। पांडेय ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्रजेश पाठक ने रितेश पांडे का पार्टी में स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि वे उत्तर प्रदेश में युवाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं रितेश पांडे ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उत्तर प्रदेश और खासकर उनके क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में काम करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि रितेश पांडे ने आज ही बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। विधानसभा चुनाव में रितेश के पिता एवं पूर्व सांसद राकेश पांडेय बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। सपा के टिकट पर जलालपुर से विधायक बने। इसके बाद से बसपा प्रमुख मायावती रितेश से भी नाराज चल रही थीं। उन्हें पार्टी के संसदीय दल के नेता पद से हटा दिया।

# 'मन की बात' पर तीन महीने का विराम

## प्रधानमंत्री बोले 111वें एपीसोड में फिर होगी देश की सामूहिक शक्ति की बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम को सरकार से दूर देश की सामूहिक शक्ति की चर्चा का मंच बताया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि कार्यक्रम पर तीन महीने के लिए विराम लगेगा और चुनावों के बाद 111 के शुभ अंक यानी 111वें एपीसोड से फिर वे जनता के बीच देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा करेंगे। रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपीसोड के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात हमेशा सरकार से दूर रहते हुए देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा का मंच रहा है। आगे लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और आचार संहिता लगने वाली है। ऐसे में वे तीन महीनों के लिए मन की बात को विराम देंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पहली बार मतदाता बन रहे युवाओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले चुनाव आयोग ने एक अभियान शुरू किया है- 'मेरा पहला वोट-देश के लिए'। वे



**प्रयासों का मंच**

8 न की बात हमेशा सरकार से दूर रहते हुए देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा का मंच रहा है

पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है।

उन्होंने नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड की जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने लोगों के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने में बहुत मदद की है। भारत में युवा कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में चमत्कार कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के लिए इन अवॉर्ड की शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा दूसरों की सेवा करने की दिशा में हो रहे निस्वार्थ प्रयासों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें ह्यपरमार्थ परमो धमर्ःह्ल की सीख देती है। इस संदर्भ में उन्होंने बिहार के भोजपुर के भीम सिंह भवेश के अति पिछड़ी मुसहर जनजाति के बच्चों को शिक्षित करने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने गूजर बकरवाल समुदाय से आने वाले मोहम्मद मानशाह के जम्मू-कश्मीर में गोजरी भाषा के संरक्षण, अरूणाचल प्रदेश में तिरप के बनवंग लोसू के वांचो भाषा के प्रसार और वेंकप्पा अम्बाजी सुगेतकर गोंधली भाषा के उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

# शख्स ने डॉक्टर के गले पर किए 18 वार

**टीम एक्शन इंडिया/नासिक**

**महाराष्ट्र** के नासिक में रात एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की हत्या की कोशिश हुई। आरोपी शख्स ने डॉक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से 18 बार हमला किया। ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें देखा जा सकता है कि डॉक्टर फोन पर बात कर रहे हैं। इसी दौरान आरोपी ने उन पर हमला कर देता है। फिलहाल डॉक्टर का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर है। आरोपी अचानक धारदार हथियार निकालकर डॉक्टर पर हमला कर देता है।



उत्तराखंड में शनिवार देर रात को हुई बर्फबारी के बाद सुबह जब धूप निकली तो वादियां चांदी सी चमक उठीं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी अब निचले क्षेत्रों तक भी पहुंच गई। गांव में चौक, खेत खलियान और आम रास्ते बर्फ से ढक गए। रात को पाला गिरने से बर्फ जम गई। अब ठिठुरन भरी ठंड पड़ रही है।

# यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर भारी बमबारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाशिंगटन:** अमेरिका और ब्रिटेन सहित सात देशों की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बड़ा हमला किया। यमन की राजधानी सना के हूती ठिकानों को निशाना बना कर ये हमले किए गए। हूती विद्रोहियों के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में हिस्सा लेने वाले देशों ने शनिवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यमन में यह सैन्य कार्रवाई 8 स्थानों पर की गई जिसमें हूती के 18 ठिकानों को निशाना बनाया गया। साथ ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की सैन्य भागीदारी में अंजाम दिया गया।

# एनसीबी ने 2000 करोड़ के ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस ने को जॉइंट ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तारी किया, साथ ही इनके पास से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल आने वाले 50 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन केमिकल जब्त किया है। एनसीबी ने कहा कि ड्रग तस्करी नेटवर्क के मास्टरमाइंड की पहचान एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में की गई है। वह अभी फरार है। प्रोड्यूसर और उसकी गैंग ने सिर्फ 3 साल में करीब 2 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स की तस्करी की है। यह केमिकल मिक्स फूड पाउडर और सूखे नारियल में छिपाकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भेजा जा रहा था। गिरफ्तार किए गए लोगों ने एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी को बताया कि उन्होंने पिछले तीन सालों में कुल 45 स्यूडोइफेड्राइन शिपमेंट भेजे थे।

# दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर गठबंधन को मिलेगी जीत'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी के सभी सातों लोकसभा सीट पर गठबंधन की जीत का दावा किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली की सातों सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। हम दिल्लीवालों के विकास और तरक्की के लिए काम करते हैं। बीजेपी वाले दिल्ली को बर्बाद करने में लगे हैं। ये दिल्लीवालों को दुःखी करने में लगे रहते हैं। मारने वाले से राहत देने वाला बड़ा होता है। बता दें, दिल्ली सरकार लोगों को पानी के



बढ़े बिलों से राहत देने के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लेकर आई, लेकिन इसे फिलहाल रोक दिया गया है। इसी के खिलाफ आप मुख्यालय में प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे और लोगों को संबोधित किया। इससे पहले, केजरीवाल गोविंदपुरी इलाके का दौरा किया था और लोगों से बातचीत भी की थी। इस दौरान उन्होंने पानी के बढ़ हुए बिल किसी से न चुकाने की अपील की थी।

**दावा**

8 दिल्ली की सातों सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। हम दिल्लीवालों के विकास और तरक्की के लिए काम करते हैं

# 'युवाओं के साथ 'पाप' करने वाले न घर के रहेंगे न घाट के'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक** मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सीएम योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी। रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 1800 पदों पर निष्पक्ष और परदर्शी ढंग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है। पहले दिन से ही हमने तय किया है कि युवाओं के जीवन और भविष्य के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा हम जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर उन तत्वों से उतनी ही सख्ती और कठोरतम तरीके से निपटने का काम करेंगे। हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सरकार पहले भी कार्रवाई करती रही है।

**नियुक्ति पत्र**

8 सीएम योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है

**मामला गर्माया**

6 मेंबर्स को ढाई घंटे अरेस्ट रखा; पुलिस ने कहा- बैरिकेडिंग तोड़ रहे थे

# संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को पुलिस ने रोका

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता**

**फैक्ट** फाइंडिंग टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। बंगाल के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीम को कोलकाता में रखा गया। हालांकि दोपहर में टीम मेंबर्स को रिहा कर दिया गया। इस टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य



न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। गिरफ्तारी पर नरसिम्हा रेड्डी ने कहा- हम यहां बैठे थे, पर इन्हें इससे भी परेशानी है। अब हम गवर्नर से मिलेंगे और उन्हें अपनी स्थिति बताएंगे। इसके बाद हम दिल्ली में गृह मंत्रालय में अपनी बात रखेंगे। भांगर डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर ने कहा- हम टीम के लोगों से रिक्वेस्ट कर रहे थे कि आप यहां से आगे मत बढ़िए, पर वे पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए हमें उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। अगर शांति भंग की कोशिश की जाती है तो पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार है। संदेशखाली में कालिंदी नदी के किनारे बने बांध पर एक स्थानीय महिला से बातचीत की। महिला ने कहा- माफ कीजिए, हम बात नहीं कर सकते। शुरू में जिन्होंने बेखौफ आवाज उठाई, अब उन पर हमले हो रहे। चुप रहने की धमकियां मिल रही हैं। महिलाओं से गैंगरेप और उत्पीड़न की शिकायतों के चलते संदेशखाली सुर्खियों में है।

जो महिलाएं पहले आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ खुलकर बोल रही थीं, वो अब चुप हैं। महिलाएं चेहरा ढंककर प्रदर्शन करती मिलीं, लेकिन न नारेबाजी, न बहस। एक महिला से शांति की वजह पूछी तो उन्होंने कहा- आरोपी तो जेल से छूट जाएंगे, हमें कौन बचाएगा। हमले तो अभी से होने लगे हैं।

**विरोध**

8 संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

# 'मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मराठा आरक्षण** आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं।

# संपादकीय

## संदेशखालीः तुष्टिकरण की राजनीति

**पश्चिम बंगाल के** उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चचाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदार लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ह्यजो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चन लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वटवृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की।

# अमेरिका नें रूस पर प्रतिबंधों का ऐलान कर नकेल कसी



किशन सनमुखदास

"साथीयों बात अगर हम रूसी विपक्षी नेता गैलेक्सी नवलेनी की मौत और 500 प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका ने यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दो साल पूरे होने के मौके पर एलान किए गए इन प्रतिबंधों में रूस के प्रमुख कार्ड पेमेंट सिस्टम, आर्थिक और सैन्य संस्थानों और नवलेनी की आर्कटिक सर्कल जेल के अधिकारी भी शामिल हैं। उधर यूरोपीय यूनियन ने भी सैन्य तकनीक को लेकर नए प्रतिबंधों की एलान किया है।गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडने सैन फ्रांसिस्को में नवेलनी की पत्नी और बेटी से मुलाकात की थी"

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि रूस यूक्रेन की लड़ाई को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और 25 फरवरी 2024 से यह तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है। उधर हमास-इजरायल युद्ध भी लंबा पीछे खींचा जा रहा है। दुनियां बट चुकी है और धड़ाधड़ एक दूसरे पर प्रतिबंधों की बौशार हो रही है जिसका दुष्टपरिणाम मानव प्रजाति पर ही पढ़ रहा है। क्योंकि प्रतिबंधों से उन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बड़ रही है, सुविधियें घटेगी, शॉर्टेज मचेगी तो व्यवस्थाएं धुयस्थ होगी जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से दुष्टपरिणाम संबंधित चीजों से नागरिकों पर ही पड़ेगा जिसे रेखा अंकित करना होगा। संयुक्त राष्ट्र शायद इस स्थिति या पावर में नहीं है कि वैश्यविक विवादों या उपरोक्त दोनों युद्ध को रोक सके जिसका अंदेशा आज समाप्त हुए रायसोनी डायलॉग में भारतीय विदेश मंत्री ने के बयान में ही चलता है। इसके पूर्व भी माननीय पीएम कह चुके हैं कि संयुक्त राष्ट्र को सशक्त करने की जरूरत करनी होगी। वैसे तो अनेक देश अपने हालात और सुलभ परिस्थितियों को दिशा देने अनेक प्रतिबन्ध संबंधित देशों पर लगाते रहते हैं, उपरोक्त दोनों युद्ध जिसमें रूस यूक्रेन का अब तीसरा वर्ष शुरू हो चुका है ऊपर से आज दिनांक 24 फरवरी 2024 को अमेरिका नें रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया है, मतलब साफ है की नकेल कसना है। मेरा मानना है यह स्थिति रूसी विपक्षी नेता और रूसी राष्ट्रपति के ध्रुविरोधी गैलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर निकाली गई भड़ास का नतीजा है। इन प्रतिबंधों के बल पर रूसपर नकेल कसना हो सकता है। चुंकि अमेरिका ने रूस पर फिर 500 नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है, और रूस पर नकेल कसने की कोशिश की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धि जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका नें यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाने की करें तो, यूक्रेन पर हमले के दो साल बाद अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। ये प्रतिबंध रूसी राष्ट्रपति के आलोचक और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत के बाद लगाए गए हैं। इससे पहले भी अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की बौछार की हुई है। इनमें रूस के साथ व्यापार पर रोक के अलावा डॉलर में पेमेंट पर प्रतिबंध और रूसी व्यापारियों नेताओं की संपत्तियों की जब्ती जैसे प्रतिबंध शामिल हैं। यूरोपीय यूनियन ने तो रूसी व्यापारिक जहाजों के अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने पर भी प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले नहीं रोके हैं। ये हमले दो साल बाद भी उसी तेजी से जारी हैं। पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन से नवनाजीवादी सरकार के खात्मे तक नहीं रुकने वाले हैं। रूस यूक्रेन के बीच जारी युध्द को दो वर्ष हो चुके है। इस युध्द में पश्चिमी देशों का यूक्रेन के तरफ झुकाव रहा है। युध्द में अमेरिका समेंत कई यूरोपीय देशों ने हथियार से लेकर कूटनीतिक सहयोग किया है। युध्द शुरू होते ही अमेरिका सहित सभी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। वहीं युध्द के दूसरी वर्षी पर बाइडन सरकार ने 500 से अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाए है। बता दें इसको लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का ऐलान किया अमेरिका ने रूस के खिलाफ 500 से ज्यादा नए प्रतिबंधों की वजह रूस का यूक्रेन पर हमला और विपक्षी नेता नवलनी की मौत को माना जा रहा है। अमेरिका के इस कदम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका ने प्रतिबंधों के लिए 200 पन्नों की लिस्ट जारी की है। गौर करने वाली बात यह है कि इस लिस्ट से कंपनियां और मेटल सेक्टर, ज्यादा एनर्जी रिलेटेड पनिशमेंट और बैंकों रिलेटेड सेक्टर्स ने नाम गायब हैं। वहीं विशेषज्ञों की माने तो यह वास्तव में रूस की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाएगा ही, साथ ही अमेरिका की अर्व्यवस्था को भी इससे झटका लग सकता है। प्रतिबंधों में विदेशी बैंट भी शामिल हो सकते हैं, जो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में लिए टेक्नोलॉजी और मैटिरियल की खरीद में मदद करते हैं।साथ ही ये बैंक रूस की मदद यूरेनियम और एल्यूमीनियम और निकल जैसी धातुओं के व्यापार में भी करते हैं. अमेरिका संभावित रूप से जमी हुई रूसी संपत्तियों को जब्त और बांट सकता है।प्रतिबंध का ऐलान करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन के बहादुर लोग भविष्य की रक्षा और अपनी फ्रीडम के लिए लड़ते रहे हैं, वहीं नाटो भी अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूर और एकजुट हुआ है. उन्होंने कहा किअमेरिका यूक्रेन के समर्थन में रूस की आक्रमकता के लिए जवाबदेह ठहराना चाहते हैं। बता दें कि अमेरिका ने रूस के करीब 100 फर्मों पर सख्त बैन लगाया है।

साथीयों बात अगर हम रूसी विपक्षी नेता गैलेक्सी नवलेनी की मौत और 500 प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका ने यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दो साल पूरे होने के मौके पर एलान किए गए इन प्रतिबंधों में रूस के प्रमुख कार्ड पेमेंट सिस्टम, आर्थिक और सैन्य संस्थानों और नवलेनी की आर्कटिक सर्कल जेल के अधिकारी भी शामिल हैं। उधर यूरोपीय यूनियन ने भी सैन्य तकनीक को लेकर नए प्रतिबंधों की एलान किया है।गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन फ्रांसिस्को में नवेलनी की पत्नी और बेटी से मुलाकात की थी।उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि नवेलनी की मौत के लिए रूस के राष्ट्रपति को दोषी ठहराया जाना चाहिए।अमेरिका के इन नए प्रतिबंधों में करीब 100 फर्म और ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्हें निर्यात पर प्रतिबंध का सामना करना है। अमेरिका ने जेल में बंद विपक्षी नेता अलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को लेकर शुक्रवार को रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिसका लक्ष्य उसकी ऊर्जा आय को और कम करना है, जो युद्ध के प्रयासों को बढ़ावा देती है और बनाए रखती है।अमेरिका ने रूसी युद्ध को पिछले दरवाजे से समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ भी 100 प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात और लिकटेंस्टीन शामिल हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा, ये प्रतिबंध नवालनी के कारावास से जुड़े व्यक्तियों के साथ-साथ रूस के वित्तीय क्षेत्र, रक्षा औद्योगिक आधार, खरीद नेटवर्क और कई महाद्वीपों को प्रभावित करेंगे।उन्होंने कहा, वे यह सुनिश्चित करेंगे कि पुतिन को विदेश में अपनी आक्रामकता और घरेलू स्तर पर दमन के लिए और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। 47 वर्षीय नवालनी की 16 फरवरी को रूसी जेल में मौत हो गई थी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजने के बाद से अमेरिका ने रूस में 2,000 से अधिक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि उनकी ऊर्जा आय और युद्ध के लिए सामग्री बनाने के स्त्रोतों को निचोड़कर रूस को युद्ध जारी रखने से रोका जा सके। लेकिन लगता होता है कि रूस डरने से कोसों दूर है। इसकी अर्थव्यवस्था 2023 में 3 प्रतिशत बढ़ी, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था से भी अधिक है। रूस इसलिए युद्ध जारी रखे हुए है, क्योंकि वह अब फायदे में है। विशेष रूप से यूक्रेन के शस्त्रागार में हथियारों की कमी हो गई है और उसे हथियारों की आपूर्ति की सख्त जरूरत है। यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा निधि देने वाला एक कानून अमेरिकी कांग्रेस के सदन कैपिटल हिल पर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच राजनीतिक लड़ाई में फंस गया है।बाइडेन ने अतिरिक्त सुरक्षा निधि विधेयक को मंजूरी देने के लिए प्रतिनिधि सभा को नियंत्रित करने वाले रिपब्लिकन पर दबाव डालते हुए कहा इतिहास देख रहा है।



# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,  
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,  
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,  
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,  
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,  
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,  
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,  
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,  
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,  
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,  
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,  
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,  
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,  
दिन में रात में, बातों ही बात में,  
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

## निशाने पर 'व्हिसिल ब्लोअर्स

तनवीर जाफरी

**हमारे देश में** भ्रष्टाचार मिटाने,भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने जैसे दावे तो लगभग सभी सरकारों द्वारा बड़े ही जोर शोर से किये जाते रहे हैं। परन्तु हक़ीकत शायद इससे कुछ अलग ही है। दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग सत्ता के संरक्षण में स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं। देश के लाखों करोड़ रुपए लेकर तमाम ठग व भगौड़े विदेशों में पनाह ले चुके हैं। बड़े व्यवसाय व ठेकों पर उद्योगपतियों के नेटवर्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है। यहाँ तक कि बड़े उद्योगपतियों द्वारा छोटे व्यवसायियों को 'निगलने ' का खेल भी खेला जा रहा है। एक तरफ जहाँ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और उन्हें गले लगाने के कई उदाहरण सामने हैं वहीं दुर्भाग्यवश ऐसे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलने व उन्हें बेनकाब करने वाले 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता का विषय बानी हुई है। हमारे देश में 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की हत्या से लेकर उनपर हमलों व मुकदमों जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। अनेक आर टी आई कार्यकताओं की हत्या व उन पर हमले हो चुके हैं। जबकि हमारे देश में व्हिसल ब्लोअर को 'व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014' द्वारा संरक्षित भी किया जाता है। कानून में उनकी पहचान की सुरक्षा के साथ-साथ उनके उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर मानदंडों को भी शामिल किया गया है।

परन्तु पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक मालिक जैसे वरिष्ठ नेता के करीब 30 ठिकानों पर सी बी आई द्वारा की गयी छापेमारी के बाद एक बार यह सवाल फिर उठने लगा है कि सरकार आखिर किसके साथ है ? भ्रष्टाचारियों या रिश्वतखोरों के साथ या 'व्हिसलब्लोअर्स' के साथ ? सत्यपाल मलिक ने कहा कि उनके घर पर सीबीआई ने जो छापा मारा है वो "नहीं होना चाहिए था" क्योंकि जिस किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिलसिले में उनके घर पर छापा डाला गया है उसमें वो असल में "व्हिसल ब्लोअर और शिकायतकर्ता" थे। इस छापेमारी के बाद उन्होंने फिर दोहराया कि "ये वही किरु मामला है जिसमें मैंने कहा था कि मुझे 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की गई थी लेकिन मैंने फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। लेकिन मैंने जिन गुनहगारों के नाम लिए थे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय सीबीआई ने 'व्हिसलब्लोअर' के खिलाफ ही कार्रवाई करने का फैसला किया." मालिक ने यह भी आरोप लगाया कि "सरकार अपने आलोचकों को चुप कराना चाहती है। विपक्षी दल भी पूर्व राज्यपाल के ठिकानों पर की गयी सी बी आई छापेमारी को असंतोष की आवाजों को दबाने वाला कदम बता रहे हैं। इसे भारतीय किसानों के गुस्से से ध्यान भटकाने की कोशिश भी बताया जा रहा है।

# विचार

## सन-सैंड-सीह्नसंग राष्ट्रवाद भी जुड़ा गोवा के साथ

आर.के. सिन्हा

**गोवा अपनी छवि का** विस्तार करने का संकल्प ले चुका है। उसकी चाहत है कि उसे उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा भी उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक ऐसी धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। चूंकि गोवा पर लम्बे समय तक पुर्तगाली शासन रहा है, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्कर को देखकर समझ आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया। पुर्तगालियों ने यहाँ के संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन यहाँ की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी की धर्मांतरण के बाद भी वो मिट नहीं पाई।

गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री खुद कई बार यह कह चुके हैं कि गोवा को लेकर एक खास तरह की इमेज बना दी गई है।, यह संत सोहिरोबनाथ आंबिये, आद्य नाटककार कृष्णभट्ट बांदकर, सुरश्री केसरबाई केरकर, आचार्य धमानंद कोसंबी और पद्म विभूषण रघुनाथ माशेलकर जैसी विभूतियों की धरती है। गोवा का जुझारूपन, संघर्ष इतिहास की किताबों में भी परिलक्षित होता है। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। जिसकी वजह से यह कहा जाए कि सबसे बड़ा कन्वर्जन गोवा में हुआ तो गलत नहीं होगा। इतना सबकुछ होने के बावजूद गोवा वह राज्य है जिसने मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया था। प्रमोद सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर को भी री-डवलप करने का बीड़ा उठाया है। आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की यह कवायद गोवा की सूर्य, रेल और समुद्र या ह्यसन, सेंड और सीह्न की पहचान को नया आयाम देने वाली साबित होगी। गोवा के लोग सरकार के इस कदम से कितने उत्साहित है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय निवासी खुद मंदिरों की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुर्तगालियों के 450 साल के शासन में गोवा में लगभग 900 से अधिक मंदिर तोड़े गए। आध्यात्मिकता की राह पर आगे बढ़ता गोवा आज विकास के विभिन्न पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्वयंपूर्ण गोवा मिशन जमीनी स्तर पर जन सामान्य को सशक्त कर रहा है। जन सशक्तता के लिहाज से प्रमोद सावंत ने अपने पहले कार्यकाल में ही कई योजनाएं शुरू कर दी थी, जिसमें से स्वयंपूर्ण गोवा मिसाल है। प्रमोद सावंत ने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर आल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर आल, हेल्थ फॉर आल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर आल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। गोवा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इतना ही नहीं भारत वर्ष में गोवा पहला राज्य है, जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए एक नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू हो गई है । गोवा अब किरोसीन मुक्त राज्य है। गोवा, शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला भी देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं बल्कि 13 हैं, जिन्हें लागू करने में गोवा अग्रणी है। कभी दूध से लेकर कृषि उत्पादों तक के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहने वाला गोवा आज आत्मनिर्भरता की राह पर सतत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 2047 तक विकसित गोवा का आह्वान किया है। गोवा सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट पर लगातार कार्य कर रही है। आईटी, आईआईटी सेक्टर के लिए ह्यूमन रिसोर्स तैयार करने के लिए विशद योजनाएं बनाई जा रही है। गोवा को साफ्टवेयर पॉवर के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**

**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**

**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**

**actionindiaddn@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## कैसे-कैसे विज्ञापन

**डॉ. सुरेश कुमार**

आँखों की रोशनी कम होने पर ऐनक लगाया जा सकता है, लेकिन बुद्धि मंद पड़ने पर ऐसे ऐनक शायद ही मिलते हों। यह बात मुझे तब समझ में आती है जब मैं टी.वी. पर विज्ञापन देखता हूँ। ये विज्ञापन भी यूपीएसएसी के सवाल हो चले हैं। विज्ञापन आन का होता है और मैं कान समझने लगता हूँ। विज्ञापन देखना और समझना भी एक कला है। यह सबके बस की बात नहीं है। विज्ञापनकर्ता सीधे-सीधे कोई चीज दिखाने-समझाने के लिए राजी ही नहीं है। जब देखो तब अनबुझ पहेली की तरह विज्ञापन चला देता है। विज्ञापन भी बड़े गजब-गजब के होते हैं। पहले कुछ सेकंड तक टूरिज्म का प्रचार प्रसार सा लगने वाला विज्ञापन आगे चंद सेकंडों में सूट-बूट पर आ जाता है। अंत में पता चलता है कि यह विज्ञापन न तो टूरिज्म का था और न ही सूट-बूट का, बल्कि यह तो किसी गुटखे का ताम-झाम था। विज्ञापन को समझने में सिर खुजलाते बैठ जाते हैं और उधर इस तरह के एक से बढ़कर एक विज्ञापन चलते रहते हैं। कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापनों का कहना ही क्या। इन्हें पीने का मतलब मौत को दावत देना है। इसमें एक महाशय एक बोतल के लिए चिंपाजी की तरह बिल्डिंगें फांद रहे हैं। कहीं तार पर लटक रहे हैं। कहीं हाई जंप लगा रहे हैं। मात्र एक बोतल के लिए ओलंपिक्स के सारे गेम खेल डालता है। कभी-कभी तो लगता है कि ऐसे चिंपाजियों को ओलंपिक्स में मेडल की जगह कोल्ड ड्रिंक की एक बोतल दिखा दी जाए तो ऐसे ही 20-25 मेडल झटककर ले आएँ। बेफिजूल में इतना बड़ा कुनबा भेजने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। वह तो भला हो कि ओलंपिक्स इंसानों के लिए होता है, ऐसे जानवर चले जाते तो ओलंपिक्स, ओलंपिक्स नहीं तमाशे का चिड़ियाघर बनकर रह जाता। उधर एक और विज्ञापन है जो यह दावा करता है कि उसका कपड़ा पहनने से आप मिस्टर परफेक्ट बन जायेंगे। मुझे यह समझ में नहीं आता कि अब तक की हमारी शिक्षा व्यवस्थाएँ, योजनाएँ, हमारे संस्कार, आचार-विचार अरबों-खरबों का पैसा लुटाने पर भी एक अदद अच्छा इंसान बनाना तो दूर तमीज के गुर सिखाने में कामयाब नहीं हो पाएँ। दुर्भाग्य से मिस्टर परफेक्ट बनाने वाले कंपनी का मालिक खुद घर से दरबदर हो गया। वह दुनिया को परफेक्ट बनाने चला था और खुद इनपरफेक्ट बनकर रह गया।

## कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

वीरेंद्र कुमार जाटव

**हाल ही में** दक्षिणी दिल्ली के देवली खानपुर इलाके में एक व्यक्ति को गाय के द्वारा हमला कर मार देने की घटना बेहद दर्दनाक, खौफनाक और ह्दय विदारक है.जवाहर पार्क निवासी सुभाष झा अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए देवली रोड पर आए थे. कल्पना कीजिए उस खौफनाक मंजर का जब एक अबोध बालक के सामने उसके पिता को आवारा पशु ने पटक पटक कर मारा था. इस बालक के बाल मन पर क्या इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा यह एक मनोवैज्ञानिक ही समझ सकते हैं. इस परिवार पर जो पहाड जेसी आफत आ पड़ी है उसका सामना कैसे करेंगे यह एक बड़ा प्रश्न है. इस घटनाक्रम से दिल्ली की नगर निगम, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को जरूर सबक लेना चाहिए कि ग्रामीण शहरी क्षेत्र में किस तरह से आवारा पशुओं की एक बड़ी समस्या है. दुख इस बात का भी है कि दिल्ली सरकार ने अभी तक मुआवजे का ऐलान नहीं किया. माननीय दिल्ली हाई कोर्ट संज्ञान लेते हुए जिम्मेवार सिविक एजेंसियो को तलब किया जाए और उचित कार्रवाई की जाए. अक्सर ग्रामीण शहरी क्षेत्र में ऐसी घटनाएं होती लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाता है. यदि लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी तो ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर कुछ हद तक रोक लगाई जा सकती है। दिल्ली नगर निगम में इस घटना के बाद जरूर कार्रवाई की है. एमडी दिल्ली के सभी ग्रामीण ट्रस्ट भूमि वाले शहरीकृत क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी के द्वारा करनी चाहिए जिसको दिल्ली सरकार नहीं लगाया है और हर विधानसभा में एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिल्ली के मेयर के साथ समीक्षा बैठक की जाए और रिपोर्ट जारी की जाए और रिपोर्ट जारी की जाए. यह भी एक पहलू है कि इस तरह के कार्यों में इच्छा शक्ति का अभाव रहता है किसी भी सरकार के द्वारा, जिसकी कीमत इंसानों को जान देकर चुकानी पड़ती है. इससे पहले बुराड़ी में ऐसी घटनाक्रम हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. क्या दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी इन क्षेत्रों का दौरा करते हैं जाहिर सी बात है इनको जानकारी सब होती है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है।

# 'मन की बात' से मतदाता होंगे प्रभावित : धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रायपुर विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले हर्षिल एन्क्लेव बूथ नम्बर-4 चाणक्य कॉलेज कैम्पस गुजराड़ा मानसिंह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूह के साथ सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से मतदाताओं का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक बार पुनः प्रधानमंत्री ने अपने ओजस्वी विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का कार्य किया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने ह्यमेरा पहला वोट देश के लियेह्व की बात कही है। निश्चित रूप से इससे नए मतदाता प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा बने, जिसका नाम तो ह्यमन की बातह्व है लेकिन यह सही अर्थों में जन-जन की बात, देश के गौरव की बात, मां भारती के यशगान की बात तथा भारत के सम्मान की बात है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिन भी विषयों को इस कार्यक्रम में शामिल किया वे सभी जनजागरण का एक सशक्त माध्यम बने और नागरिकों पर इनका अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्तराखंड की कई विभूतियों, पर्यटक स्थलों आदि को भी मन की बात में समय समय पर स्थान मिला, जिसके परिणामस्वरूप हमारे लोक संगीत और हमारी लोक संस्कृति से पूरे विश्व के लोग परिचित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए लोगों का भरोसा जीता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है। आज देश के अन्दर 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गयी है, दिव्यांग जनों को सशक्त बनाया गया, लगभग 50 करोड़ जनधन खाते खोले गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत लगभग चार करोड़ आवास बनाए गए। लगभग नौ करोड़ घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। किसान सम्मान निधि के रूप में हर वर्ष किसानों को छह हजार रुपये दिए जाने के साथ ही फसल बीमा योजना का भी लाभ दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त महिला सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 12 करोड़ इज्जत घर बनाए गए तथा दस करोड़ से भी ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन दिए गए। युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के क्रम में रोजगार मेला लगाकर दस लाख भर्तियों का अभियान प्रारंभ किया गया। कोरोना जैसी महामारी का हमने डटकर मुकाबला किया और लोगों को इसके मुफ्त टीके लगाने के साथ कई देशों को भी वैक्सीन उपलब्ध कराई गयी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक ओर जहां भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन किया गया, वहीं दूसरी ओर वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक सहित कई अन्य परियोजनाएं पूरी की गई। उन्होंने कहा कि तीन तलाक और अनुच्छेद 370 की समाप्ति कानून बनने से तीन तलाक के मामलों में काफी कमी आई। इसके अलावा नई शिक्षा नीति भी लागू की गयी।

इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, सुरेश गड़िया, विनय रोहिला, सिद्धार्थ अग्रवाल, शशि सिंह, प्रशान्त डोबाल, तरुण धीमान, आकाश, सौरभ थपलियाल, शिवानी बंसल, शशांक गोसाईं, संजीव मल्होत्रा, सचिन बंसल, देवेन्द्र पाल मोण्टी आदि उपस्थित थे।

# चारों दिशाओं में मोदी ने लिखे विकास के नये सोपान : विधानसभा अध्यक्ष

**विकास**

**8 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खंडूडी ने लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शनों का वितरण भी किया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का उत्तर से दक्षिण व पूर्व से पश्चिम, चारों दिशाओं में विकास के नये सोपान लिखे हैं। सड़क,रेलवे व हवाई कनेक्टिविटी से देश में विकास की गति कई गुना बढ़ी है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 110 वां संस्करण प्रेमनगर मण्डल के बूथ संख्या -134 में समाज के प्रबुद्ध जनों व कार्यकताओं के साथ सुनी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष खंडूडी ने लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शनों का वितरण भी किया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग चाहे महिला सशक्तिकरण, युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार, किसानों का सम्मान, गरीबों को मुफ्त राशन योजना अभाव ग्रस्त लोगों को आवास योजना जैसी जन कल्याण कारी योजनाओं के अलावा देश के आधार भूत ढांचे को सशक्त किया है।कार्यक्रम में आदित्य कोठारी प्रदेश महामंत्री भाजपा, गढ़ी कैन्ट छावनी के उपाध्यक्ष विनोद पंवार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्र सेमवाल, अनिता महोल्त्रा, राजेश सैनी, उदय दत्ता, सुदर्शना गोड़, नूतन शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी जिले के कई कांग्रेस नेता भाजपा में हुए शामिल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में अन्य दलों के लोगों का शामिल होने का सिलसिला जारी है। रविवार को पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों और पौड़ी जिले के कई कार्यकताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बलबीर रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित ज्वाइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान महामंत्री कोठारी ने नवागंतुक सदस्यों से कहा कि आज से आप सभी दुनिया की सबसे बड़े राजनैतिक दल के सदस्य बन गए हैं। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व हमें मिला है। अब हम सबका दायित्व है कि अगले सौ दिन एकजुट होकर पूर्ण क्षमता से चुनाव में पार्टी का काम कर, प्रधानमंत्री मोदी के रूप में देश को सुनहरा भविष्य देने में सहभागी बने।

पूर्व प्रदेश सचिव और पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि पौड़ी आनंद सिंह नेगी ने विश्वास दिलाया कि पार्टी उन्हें जो भी भूमिका सौंपेगी, उसका वे पूर्ण जिम्मेदारी से वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर वे सब आज भाजपा में आए हैं।

सदस्यता ग्रहण करने वाली कांग्रेस नेताओं में जिला सचिव पौड़ी धर्मेंद्र धर्मेश चौहान, मीडिया प्रभारी पाबों ब्लॉक नवीन भंडारी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य नागेंद्र रावत, सुरेंद्र राणा, उपाध्यक्ष ब्लॉक कमेटी पाबो पौड़ी रमेश ढोंडियाल, पूर्व प्रधान बलबीर गुसाईं, ओम प्रकाश रावत, शिवदत्त पंत, प्रदीप नेगी, महेश नेगी, सुरेंद्र रावत, महावीर नेगी, मंडल अध्यक्ष पाबौ नरेंद्र सिंह भंडारी, पूरन राणा, रणवीर चौहान, डॉक्टर शिवचरण नौटियाल के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

इस दौरान एसटी मोर्चे की राष्ट्रीय पदाधिकारी स्वराज विद्वान, प्रदेश कार्यालय सचिव कौस्तुभानंद जोशी, प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, सुनीता विद्यार्थी, चंडी प्रसाद बेलवाल समेत पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जाड भोटिया जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री महाराज से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
म्युनिसिपल रोड़ स्थित आवास पर जाड भोटिया जन कल्याण समिति वीरपुर डुंडा, उत्तरकाशी के अध्यक्ष गुमान सिंह नेगी, उपाध्यक्ष मदन सिंह डोगरा, सचिव रतन सिंह जाड, कोषाध्यक्ष कुशाल सिंह राणा ने मंत्री सतपाल महाराज से म्युनिसिपल रोड स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर समिति के लोगों ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से वाइब्रेंट विलेज के अंतर्गत सीमांत गांव जादूग को फिर से विकसित करने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सहयोग की बात कही।

### हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल की पुलिस को मिली 10 दिन की रिमांड

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को सेशन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मलिक को 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। कोर्ट ने अब्दुल मलिक को 6 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखने की अनुमति दे दी है।

इस अवधि में पुलिस अब्दुल से पूछताछ कर कई अहम जानकारियां हासिल करने की कोशिश करेगी, जिससे वह हिंसा करने में शामिल लोगों के नाम पता कर उन तक पहुंच सके और उनके मंसूबों के बारे में जाना सके।

गौरतलब है कि आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हिमालय संगीत शोध समिति की ओर से कथाकार-पत्रकार स्व. आनंद बल्लभ उप्रेती का 11वां स्मृति समारोह मनाया गया। हिमालयी संस्कृति और लला जौसुली विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

# शिविर के पहले दिन 205 मरीज का किया गया इलाज

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
आयुष विभाग तीन दिवसीय आयुष कामीय शिविर का उद्घाटन जिला पंचायत परिसर में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी किया।

आयुष कामीय शिविर में कुल 10 स्टॉल अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, क्षारसूत्र, एमसीडी, रिवर्सल, आयुर्वेदिक, न्यूरोपैथिक, पंचकर्म, जलौका (लीच थेरेपी), बाल रोग, सामान्य चिकित्सा, योगा, नाड़ी परीक्षण, होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुष हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र, औषधीय पौध प्रदर्शनी (जिला भेषज संघ की) आदि के माध्यम से रोगियों का को लाभान्वित किया गया।

# जानकी सेतु से रामझूला तक घाटों पर सफाई अभियान चलाकर किया स्वच्छ

**सफाई अभियान**

**8 जानकी सेतु से रामझूला तक सभी घाटों और मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ किया।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण में संत निरंकारी मंडल ब्रांच ऋषिकेश ने जानकी सेतु से रामझूला तक सभी घाटों और मुख्य मार्ग पर सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ किया।

संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने आज जानकी सेतु से रामझूला, शत्रुघ्न घाट ओर मरीन ड्राइव पर सघन सफाई अभियान चलाकर साफ किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे प्रार्थना से किया गया। इसके पश्चात ग्रुप बनाकर मुख्य मार्ग और घाटों की सफाई की झाड़ू लगाकर सफाई की गई। एसएनसीएफ के वॉलिंटियर्स ने सभी घाटों पर रामसेतु से लेकर रामझूला तक झाड़ू लगाकर साफ कर कूड़े को एकत्रित कर बागों में भरकर नगर पंचायत कर सहयोग से उचित स्थान पर पहुंचाया गया। एसएनसीएफ, सेवादल, साध संगत के लगभग 550 वॉलिंटियर्स ने इस सफाई अभियान में योगदान दिया।

सफाई अभियान में परमार्थ निकेतन और संत निरंकारी मिशन की रायवाला एवं भोगपुर की ब्रांचों ने भी सहयोग किया।बाल संगत के बच्चों ने नाटिका के माध्यम से जल बचाओ और जल संरक्षण का संदेश दिया। इस परियोजना समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों में सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि परमार्थ निकेतन की साध्वी भगवती सरस्वती जी ने अपने विचारों में कहा कि कोई गुरु अपनी सेवा के लिए नहीं कहता वह केवल समाज की सेवा की ही प्रेरणा देता है। सेवा करने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। जल की स्वच्छता से जरूरी जल का बचाव है हम अपने जीवन में अनेक कार्य में आवश्यकता से अधिक जल का प्रयोग करते हैं अगर हम सब अपने जीवन में जल को बचाना सीख जाए तो वास्तव में जल का संरक्षण होगा।

कार्यक्रम का संचालक उच्च प्रशासनिक अधिकारी दुर्गा चमोली ने किया।

# टनकपुर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर वैभव अग्रवाल ने किया कब्जा

**जीत दर्ज**

**8 व्यापार मंडल चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हो गए हैं। वैभव अग्रवाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है।**

**चंपावत/टीम एक्शन इंडिया**
टनकपुर नगर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हो गए हैं। वैभव अग्रवाल ने अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की है। उन्होंने 37 मतों से जीत दर्ज की है। महामंत्री पद पर संजय पांडे ने 295 मतों से जीत दर्ज की है उपाध्यक्ष पद पर अंकित अग्रवाल, और कोषाध्यक्ष पद पर गिरीश वर्मा का निर्विरोध निवार्चन हुआ है।

मुख्य चुनाव अधिकारी भगवत सरन, सत्य प्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल, धमार्नंद पांडे की देखरेख में रविवार को सुबह 8 बजे मतदान शुरू हुआ। कुल पंजीकृत 814 व्यापारियों में से 740 व्यापारियों ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर वैभव अग्रवाल को 384 मत प्राप्त किए। वही महामंत्री पद पर संजय पांडे को को 511, मत प्राप्त हुए हैं अध्यक्ष पद के लिए 9 वोट निरस्त हुए हैं वहीं महामंत्री पद पर13 मत रद्द हुए।

मतदान प्रक्रिया प्रातः 8:00 बजे शुरू की गई थी मतदान की समाप्ति तक 740 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया दोपहर बाद मतगणना प्रारंभ की गई। चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल (मगन बिहारी) ने विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की। उन्हें निर्वाचन प्रमाणपत्र दिया।

इस दौरान व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल वर्मा, चुनाव अधिकारी धमार्नंद पांडे, सत्य प्रकाश गुप्ता, बनबसा व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, नवीन कोहली, अर्पित शर्मा, अनुराग अग्रवाल, मौजूद रहे।

# आचार्य बालकृष्ण ने मुख्यमंत्री से मिलकर पुस्तक की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पतंजलि योगपीठ के संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आचार्य बालकृष्ण ने मुख्यमंत्री को आयुर्वेद जड़ी-बूटी रहस्य से संबंधित पुस्तक भी भेंट की। आचार्य बालकृष्ण आयुर्वेद के आचार्य और योग गुरु बाबा रामदेव के सहयोगी हैं। वह आयुर्वेद केन्द्र पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष हैं। 2019 में आचार्य बालकृष्ण को यूएन ने सम्मानित किया है। उनको आयुर्वेद, योग के क्षेत्र में नए अनुसंधान को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने के लिए सम्मान मिला था।

# भाजपा की नाकामियों को जनता तक पहुंचाएं : नैथानी



**नई टिहरी**
जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग ने ब्लॉक सभागार हिंडोलाखाल में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को बैठक आहूत की। बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए बूथ स्तर पर कमेटियों के गठन कर महिला व युवा विरोधी भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक में नैथानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने उनका हिंडोलाखाल में लाई गयी देश की पांचवीं एनसीसी अकादमी को पौड़ी जिले में शिफ्ट करने का काम किया। बडियारगढ़ में स्वीकृत राजकीय महाविद्यालय आज तक नहीं खुला। जिन सड़कों को उनके द्वारा स्वीकृत किया गया था, उनका भी काम पूरा नहीं किया गया। देश के युवाओं के भविष्य के साथ भाजपा सरकार ने विश्वास घात किया है। अग्निवीर जैसी योजना लाकर उत्तराखंड के हजारों युवाओं के सपनों को चकनाचूर किया है। सबसे दुखद तो यह है कि अंकिता भंडारी हत्याकांड पर भाजपा के एक भी नेता व नेत्री का कोई बयान नहीं आया बल्कि हर प्रकार से दोषियों को बचाने का काम धामी सरकार ने किया।

जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने हिंडोलाखाल ब्लाक के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष शशि प्रकाश भट्ट व चंद्रबदनी ब्लॉक के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मकान सिंह चौहान, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जीत सिंह चौहान सहित नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया।

उन्होंने कहा कि पिछले 5 सालों में गढ़वाल सांसद एक बार भी क्षेत्र में नहीं दिखे और ना ही उन्होंने ऐसा काम किया जिसे वह आगामी चुनाव में बता सकें।

इस मौके पर रमेश चमोली, मोहन आनंद डोभाल, श्यामलाल आर्य, कुंदन सिंह, कमल सिंह भंडारी कुसुम बागड़ी, सुमन रावत, मंगतराम मटियाल, उदय रावत, वीरेंद्र राणा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी वर्कर्स का मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन



**देहरादून/मसूरी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मसूरी के शहीद स्थल पर एकत्रित हुई और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।

मसूरी में आंगनबाड़ी वर्कर्स की मसूरी ब्लाक अध्यक्ष जयश्री बिष्ट के नेतृत्व में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने प्रदेश की सरकार पर आंगनबाड़ी वर्कर्स की अनदेखी का आरोप लगाया। आंगनबाड़ी वर्कर्स की मसूरी ब्लाक अध्यक्ष जयश्री बिष्ट ने कहा कि आंगनबाड़ी वर्कर्स से सरकार बहुत काम ले रही हैं, जबकि उन्हें सिर्फ मानदेय दिया जा रहा है। लंबे समय से राजकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग उठाई जा रही है। पिछले 20 फरवरी से आंगनबाड़ी वर्कर्स और सहायिकाएं कार्य बहिष्कार पर हैं। उन्होंने कहा कि अगर जरूरी हुआ तो निर्वाचन संबंधी कार्यों का पूरी तरह से बहिष्कार कर दिया जाएगा।धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकताओं को राज्य कर्मचारी घोषित किया जाए और न्यूनतम वेतन के साथ ही उनकी अन्य जायज मांगों पर भी शीघ्र अमल किया जाए।

उन्होंने कहा कि उनकी मांग जायज हैं और सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी वर्करों को बीएलओ के साथ ही पोलियो की ड्यूटी करनी पड़ती है, जिसका उन्हें कोई अतिरिक्त मानदेय नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यकताओं को नौ हजार जिसे बढ़ाकर 26 हजार किया जाए। साथ ही अन्य विभाग के कार्यों से उन्हें मुक्त रखा जाए।

उन्होंने वरिष्ठता के आधार पर मानदेय में वृद्धि की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। पूर्व में विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने भी मानदेय बढ़ाने का भरोसा दिया था, लेकिन अभी तक सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# 16 दिन में 5798 किलोमीटर भागा अब्दुल मलिक, छह फरवरी को देहरादून में था

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
अब्दुल मलिक ने गिरफ्त में आने से पहले पुलिस को जमकर छकाया। पुलिस से बचने के लिए अब्दुल मलिक करीब 5798 किलोमीटर भागा। वह 16 दिन में छह राज्यों में गया।



मोस्टवांटेड अब्दुल मलिक ने गिरफ्त में आने से पहले पुलिस को जमकर छकाया। पुलिस से बचने के लिए अब्दुल मलिक करीब 5798 किलोमीटर भागा। वह 16 दिन में छह राज्यों में गया। देहरादून (उत्तराखंड) से दिल्ली, गुजरात, मुंबई (महाराष्ट्र), चंडीगढ़ (हरियाणा), भोपाल (मध्यप्रदेश) और फिर दिल्ली पहुंच गया। पुलिस ने शनिवार को उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया।

अब्दुल मलिक को पकड़ने के लिए पुलिस ने शुरू में छह टीम लगाई थीं, जो दिल्ली और पश्चिमी उत्तरप्रदेश में ही मलिक को ढूंढ़ती रहीं। मलिक जब पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा तो पुलिस ने अपने दायरे को अन्य राज्यों में फैलाया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने टीमों की संख्या घटाकर तीन कर दी। इनमें एक टीम को दिल्ली से चंडीगढ़, दूसरी टीम को गुजरात से मुंबई और तीसरी टीम को दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों की निगरानी में लगाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जैसे ही टीम अब्दुल मलिक के ठिकानों पर पहुंचती तो वह उससे पहले ही भाग निकलता।

वह एक जगह एक रात से अधिक नहीं रुक रहा था। वह हर रात अपना ठिकाना बदलता रहा। किसी भी दिन वह होटल में नहीं रुका। वह लगातार अपने करीबियों या अपनी प्रापर्टी में ही रुकता था। गुजरात में वह पुलिस के हाथ आने से आधा घंटा पहले ही निकल गया था। बताया जा रहा है कि अब्दुल मलिक छह फरवरी को देहरादून में था। इसके बाद दिल्ली था। पुलिस के हिसाब से वह करीब 5798 किलोमीटर भागा। वहीं पुलिस उसके पीछे करीब 12 हजार किलोमीटर दौड़ी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दिल्ली से पकड़ लिया।

जमानत अर्जी पर लिखे पते से पुलिस के दिल्ली पहुंचने की चर्चा शनिवार को अब्दुल मलिक ने तीन वकीलों के माध्यम से हल्द्वानी सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। सूत्र बताते हैं कि इस याचिका में अब्दुल मलिक का वर्तमान पता और एक दिल्ली का पता लिखा था। इस पते से ही पुलिस दिल्ली पहुंची और मलिक को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि पुलिस ने अब्दुल मलिक को दिल्ली कहां से गिरफ्तार किया है अभी तक इसकी जानकारी नहीं दी गई है।शनिवार को तीन अधिवक्ताओं की ओर से हल्द्वानी सेशन कोर्ट में मलिक की अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की गई।

# गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से संपर्क करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र के रजाखेत भाजपा मंडल की लाभार्थी संपर्क कार्यशाला में एक से तीन मार्च तक घर-घर जाकर चलने वाले अभियान की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस दौरान हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें मिल रहे मोदी सरकार की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी लें। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए मोदी के समर्थन में मिस कॉल करवाएं।

रविवार को रजाखेत में मंडल अध्यक्ष रमेश रतूड़ी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र जुयाल ने कहा कि मोदी सरकार ने आम जन के कल्याण के अनेक योजनाएं चलाई हैं, जिनका उन्हें खूब लाभ मिल रहा है। बताया कि एक से तीन मार्च तक घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा।पूर्व विधायक विजय सिंह पंवार ने किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी। कहा कि इन योजनाओं से गांव के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। योजनाओं की सब्सिडी खातों में जा रही है। जाखणीधार की ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी ने कहा कि लोगों में प्रधानमंत्री मोदी के लिए जन भावनाएं देखने को मिल रही है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना से गरीब परिवारों को भरपूर भोजन मिल रहा है। ऐसे में हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जनसमर्थन जुटाएं।

इस मौके पर पूर्व दायित्वधारी प्रेम दत्त जुयाल, महामंत्री धनवीर नेगी, नवीन रमोला, लोकसभा विस्तारक कुलदीप, आशा भद्री, आदि मौजूद थे।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को उसी घर में घुसकर हराया

## T20I सीरीज में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली.** ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ कर दिया है। एक तरह से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को उसी के घर में घुसकर बुरी तरह रौंदा है। इस सीरीज का पहला मैच जरूर एक समय पर न्यूजीलैंड जीतने की कगार पर थी, लेकिन बाकी के दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने बड़ी जीत दर्ज की और सीरीज को 3-0 से जीता। टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले ये सीरीज ऑस्ट्रेलिया का मनोबल जरूर बढ़ाएगी।

न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टी20 मैच ऑकलैंड में खेला गया।

ये मैच बारिश के कारण छोटा ही रहा। न्यूजीलैंड की टीम के कप्तान टिम साउदी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10.4 ओवर में 4 विकेट खोकर 118 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश ने पारी को पूरा नहीं होने दिया और ऑस्ट्रेलिया को यहीं अपनी पारी समाप्त करनी पड़ी। इसके बाद डकवर्थ लुईस मेथड लागू हुआ। न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रनों का टारगेट मिला। न्यूजीलैंड की टीम 10 ओवर खेलकर 3 विकेट खोकर 98 रन ही बना सकी और मुकाबला 27 रनों के अंतर से हार गई। इस मुकाबले में ट्रेविस हेड ने 33 रन बनाए, जबकि मैथ्यू शॉर्ट ने 11 गेंदों में 27 रन बनाए। ग्लेन मैक्सवेल ने 20 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से 24 गेंदों में 40 रन ग्लेन फिलिप्स ने बनाए, लेकिन उनकी ये पारी काम नहीं आई, क्योंकि टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंची।

ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच 6 विकेट के अंतर से जीता था, जबकि दूसरे मैच में 72 रनों से बड़ी जीत दर्ज की थी और तीसरा मुकाबला अब 27 रनों के अंतर से जीता।

सीरीज में दमदार प्रदर्शन के लिए मिचेल मार्श को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। वे तीसरे मैच में नहीं खेले थे। पहले दो मैचों में उन्होंने करीब 100 रन बनाए थे। मैथ्यू शॉर्ट आखिरी टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

## आचार संहिता का उल्लंघन : हसरंगा पर लगा दो मैचों का बैन, गुरबाज पर भारी जुर्माना

**दुबई .** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दाम्बुला में तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा को दो मैच के लिए निलंबित किया है जबकि अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर हसरंगा को 24 महीने की अवधि में कुल पांच डिमेरिट अंक मिलने के बाद उन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें आईसीसी आचार संहिता का उनका नवीनतम उल्लंघन भी शामिल है। आईसीसी ने बयान में कहा, 'श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान और आईसीसी की टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष खिलाड़ी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद वानिंदु हसरंगा को आईसीसी आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के बाद 24 महीने की अवधि के भीतर उनके कुल डिमेरिट अंक पांच तक पहुंचने के बाद दो मैचों के लिए निलंबित किया गया है। आचार संहिता के नवीनतम उल्लंघन के लिए उन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और तीन डिमेरिट अंक मिले हैं।

हसरंगा से जुड़ी घटना बुधवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के अंत में हुई जब वह फुलटॉस गेंद को नोबॉल करार नहीं दिए जाने के फैसले की आलोचना करने के लिए मैदानी अंपायर लिंडन हैनिबल के पास पहुंचे। इस तरह हसरंगा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.13 के उल्लंघन का दोषी पाया गया।

यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ, अंपायर या मैच रैफरी से निजी दुर्व्यवहार से संबंधित है। आईसीसी ने कहा कि हसरंगा के पांच डिमेरिट अंक होने के कारण यह दो निलंबन अंक में बदल गया।

## ध्रुव जुरेल खतरनाक गेंद पर हुए 90 रन बनाकर आउट, आकाश चोपड़ा बोले- शतक नहीं, पर शतक से कम भी नहीं ये पारी

**नई दिल्ली.** रांची में इंग्लैंड के खिलाफ जारी चौथे टेस्ट मैच में ध्रुव जुरेल ने 90 रनों की शानदार पारी खेली। वे एक खतरनाक गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए और इस तरह भारतीय पारी का अंत हो गया। हालांकि, जुरेल की इस पारी की तारीफ बनती है। यही कारण है कि आकाश चोपड़ा ने इस 90 रनों की पारी को शतक से कम नहीं बताया। ध्रुव जुरेल ने इस मुकाबले में पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी की और टीम को सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाया।

एक समय पर टीम इंडिया का स्कोर 177/7 था। इसके बाद टीम को 307 रनों तक पहुंचाने में ध्रुव जुरेल का अहम योगदान था।



वे शतक की ओर बढ़ रहे थे और लगातार विकेट पर खड़े थे, क्योंकि दूसरे छोर से विकेट गिर रहे थे। ऐसे में ध्रुव जुरेल ने कुछ आक्रामक शॉट लगाकर 90 रन तो पूरे कर लिए, लेकिन एक खतरनाक गेंद पर बोल्ड हो गए। वे उस गेंद को डिफेंस करना चाहते थे, क्योंकि टॉम हार्टली की ये गेंद थोड़ी सी नीची रही और स्टंप्स की लाइन में भी थी। ध्रुव जुरेल के आउट होने और टीम इंडिया की पारी समाप्त होने पर आकाश चोपड़ा ने जियोसिनेमा पर कमेंट्री करते हुए भारतीय विकेटकीपर की तारीफ की। ध्रुव जुरेल को लेकर आकाश ने कहा कि वह आर्मीमैन के बेटे हैं और जंग लड़ना जानते हैं। भले ही यह 90 रनों की पारी शतक नहीं है, पर ये शतक से कम भी नहीं है। वाकई में अगर ध्रुव जुरेल के बल्ले से ये रन नहीं बनते तो टीम इंडिया मुश्किल में पड़ जाती है, क्योंकि अभी भी इंग्लैंड के पास 46 रनों की बढ़त है। बता दें कि ध्रुव जुरेल को केएस भरत की जगह मौका दिया गया था। केएस भरत विकेट के पीछे अच्छे थे, लेकिन बल्लेबाजी में वे फेल हो रहे थे। 7 मैचों की 12 पारियों में केएस भरत अर्धशतक तक नहीं जड़ पाए थे।

## पूर्व कप्तान का दावा- इंग्लैंड के दो युवा स्पिनरों ने भारतीय खिलाड़ियों को कर दिया कन्फ्यूज

**नई दिल्ली.एजेंसी**

रांची में जारी चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की टीम के प्रदर्शन को लेकर पूर्व कप्तान माइकल वॉन काफी खुश नजर आए। माइकल वॉन अभी तक इंग्लैंड की टीम की आलोचना कर रहे थे, लेकिन रांची में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने जैसा प्रदर्शन किया, उससे माइकल वॉन ने टीम इंडिया पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। माइकल वॉन ने शनिवार 24 फरवरी को कई एक्स पोस्ट किए, जिसमें उन्होंने ये भी कहा कि इंग्लैंड के दो युवा स्पिनरों ने भारत को कन्फ्यूज करने का काम किया।



वॉन ने कहा है कि भारतीय खिलाड़ियों को ये ही पता नहीं चल रहा कि अपने ही मैदान पर कैसे बल्लेबाजी की जाए। माइकल वॉन ने एक्स पर लिखा, -इंग्लैंड के 2 युवा स्पिनर भारतीय खिलाड़ियों को कन्फ्यूज कर रहे हैं कि उन्हें अपनी ही धरती पर किस तरह से खेलना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि बशीर ने 1 भी खराब गेंद फेंकी है।- शोएब बशीर और टॉम हार्टली ने इंग्लैंड के लिए रांची टेस्ट मैच के दूसरे दिन दमदार गेंदबाजी की और कई विकेट उन्होंने निकाले।

पूर्व कप्तान ने अगले एक्स पोस्ट में लिखा, भारत ने इस तरह की पिच तैयार करके इंग्लैंड को पूरी तरह से खेल में ला दिया है। इसकी काफी सराहना होनी चाहिए। एक अन्य एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा, शोएब बशीर का चयन एक बड़ा ही अद्भुत फैसला है। उनको कोई प्रथम श्रेणी अनुभव नहीं है। उन्होंने जो मैच खेले हैं, उनमें कोई बड़ी संख्या में विकेट नहीं लिए हैं। बस एक गट फीलिंग है। इंग्लैंड के चयनकर्ताओं ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## रांची की पिच को लेकर भारतीय बॉलिंग कोच ये क्या बोले- हमें उम्मीद नहीं थी कि...



**नई दिल्ली.एजेंसी**

टीम इंडिया के बॉलिंग कोच पारस म्हाम्ब्रे ने माना कि इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दूसरे दिन रांची में असमतल उछाल ने उन्हें आश्चर्यचकित किया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने इसी के साथ कहा कि उन्हें केवल विकेट धीमा होने की उम्मीद थी। रांची में दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाजों को इंग्लैंड के स्पिनरों के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। शोएब बशीर और टॉम हार्टले ने मिलकर 6 भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। भारतीय बैटिंग यूनिट में यशस्वी जायसवाल ही एकमात्र असरदार बल्लेबाज दिखे जिन्होंने अर्धशतक जड़ते हुए 73 रनों की पारी खेली। उनके अलावा कोई भी बैटर 40 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाया।

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद भारतीय बॉलिंग कोच ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि उन्हें ऐतिहासिक रूप से उम्मीद थी कि पिच केवल धीमी होगी।उन्होंने कहा, हमने यहां पहले भी जो कुछ मैच देखे हैं, आमतौर पर दिन बढ़ने के साथ विकेट की प्रकृति धीमी होती जाती है। पहले भी यहां जो कुछ मैच खेले गए थे, उनमें विकेट की प्रकृति धीमी होती गई थी। इसलिए हमें इसकी उम्मीद थी। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, हमें उम्मीद नहीं थी कि दूसरे दिन ही पिच इतनी नीचे खेलेगी।

पारस म्हाम्ब्रे ने आगे कहा, मुझे लगता है कि पहली पारी में भी कुछ गेंदें नीची रहीं। हमने इसकी उम्मीद नहीं की थी। हमें उम्मीद थी कि यह धीमी होगी, लेकिन परिवर्तनीय उछाल नहीं जैसा कि हमने पिछले कुछ दिनों में देखा है।भारतीय बॉलिंग कोच ने कहा कि इस तरह का विकेट तैयार करने में उनका कोई हाथ नहीं था और उन्होंने रांची के विकेट को रैंक टर्नर होने की धारणाओं को खारिज कर दिया है।

## प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप : संग्राम सिंह की धमाकेदार वापसी, पाकिस्तानी रेसलर को हराया

**दुबई .** छह साल बाद वापसी करते हुए भारत के संग्राम सिंह अपनी जीत की राह पर लौट आए और उन्होंने शबाब अलहली क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रो रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद सईद को करीबी मुकाबले में 30-23 के अंतिम स्कोर से हरा दिया। इस जीत के साथ संग्राम सिंह ने कुल 6 राउंड की प्रतिस्पर्धा के बाद प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक और 3 करोड़ की पुरस्कार राशि के साथ-साथ एक बार फिर मैट पर अपना दबदबा कायम कर लिया।



जीत के बाद उन्होंने कहा, यह जीत मेरे सभी देशवासियों को समर्पित है जिन्होंने हमेशा मेरा और मेरे प्रयासों का समर्थन किया है और उन सभी युवाओं को भी जो बड़े सपने देखते हैं। हर किसी को अपने सपनों के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के एकमात्र उद्देश्य के साथ मैट पर वापस आकर मुझे खुशी है।

इस लड़ाई की तैयारी कठिन थी क्योंकि मेरा प्रतिद्वंद्वी मेरे वजन से लगभग 9-10 किलोग्राम अधिक थी और मुझसे लगभग 17 साल छोटा है, लेकिन यह वास्तव में एक अच्छी लड़ाई थी और मैं उसे भी एक शानदार मुकाबले के लिए बधाई देता हूं। अपने आप पर विश्वास रखें और हम सब कर सकते हैं चैंपियन बनें।

## शोभना आशा ने WPL 2024 में 5 विकेट हॉल लेकर रचा इतिहास, बनीं ऐसा कारनामा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी

शोभना आशा **WPL** में 5 विकेट हॉल लेने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उनको इस लाजवाब प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जब वह इस अवॉर्ड को लेने पहुंची तो उनकी आंखे नम थी।



**नई दिल्ली.एजेंसी**

पहले दो मुकाबलों का नतीजा अंतिम गेंद पर निकलने से टूर्नामेंट का रोमांच काफी बढ़ गया है। शनिवार का रात डब्ल्यूपीएल 2024 का दूसरा मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और यूपी वॉरियर्स के बीच खेला गया। इस मैच में भारतीय हरफनमौला शोभना आशा चमकीं जिन्होंने 5 विकेट हॉल लेकर आरसीबी के लिए हारी हुई बाजी पलट दी। शोभना ने इस दौरान एक ओवर में 3 विकेट भी चटकाए। आरसीबी ने इस करीबी मुकाबले में यूपी को मात्र 2 रनों से धूल चटाई। आरसीबी की इस जीत के साथ शोभना आशा भी इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराने में कामयाब रहीं।

शोभना आशा वुमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में 5 विकेट हॉल लेने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई है। उनसे पहले यह कारनामा और कोई भारतीय महिला खिलाड़ी नहीं कर पाई हैं। यूपी के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने अपने 4 ओवर के कोटे में 22 रन खर्च कर 5 शिकार किए। इस दौरान उन्होंने एक ओवर में तीन विकेट लेकर मैच का रुख आरसीबी की ओर मोड़ने का भी काम किया।आशा ने को मैच की पहली सफलता वृंदा दिनेश के रूप में मिली जिन्हें उन्होंने 18 के निजी स्कोर पर आउट किया। इसके बाद उन्होंने धारदार गेंदबाजी जारी रखते हुए ताहलिया मैक्ग्राथ (22), ग्रेस हैरिस (38), श्वेता सहरावत (31) और किरण नावगिरी (1) को भी एक के बाद एक पवेलियन की राह दिखाई।

उन्होंने 17वें ओवर में तीन विकेट लेकर यूपी को बैकफुट पर धकेल दिया था, पहली गेंद पर उन्होंने श्वेता को तो चौथी और पांचवी गेंद पर हैरिस व किरण को पवेलियन की राह दिखाई।

शोभना आशा को उनके इस लाजवाब प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जब वह इस अवॉर्ड को लेने पहुंची तो उनकी आंखे नम थी।केरल की शोभना आशा के लिए डब्ल्यूपीएल का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। उन्होंने खेले 5 मुकाबलों में 28.40 की औसत और 8.35 की इकॉनमी के साथ मात्र 5 विकेट चटकाए थे, मगर इस सीजन के पहले ही मैच में वह 5 विकेट झटक चुकी है। शोभना को आरसीबी ने 10 लाख रुपए के बेस प्राइज में खरीदा था।

## टीम इंडिया की लचर बल्लेबाजी देख स्टुअर्ट ब्रॉड को आई चेतेश्वर पुजारा की याद, बोले- क्या उनका करियर खत्म हो गया है?

टीम इंडिया की लचर बैटिंग देख स्टुअर्ट ब्रॉड को चेतेश्वर पुजारा की याद आई है। ब्रॉड का कहना है कि क्या विराट कोहली की गैरमौजूदगी में भारत पुजारा का चयन सकता था या फिर उनका करियर खत्म हो गया है?



**नई दिल्ली.एजेंसी**

रांची में जारी इंडिया वर्सेस इंग्लैंड चौथे टेस्ट में भारतीय बैटिंग ऑर्डर में अनुभव की कमी साफ देखने को मिल रही है। विराट कोहली और केएल राहुल की गैरमौजूदगी में रजत पाटीदार और सरफराज खान जैसे युवा खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ मिडिल ऑर्डर का भार संभाल रहे हैं।

राजकोट में तो इन युवा खिलाड़ियों ने अच्छा परफॉर्म किया, मगर रांची में वह इस भार को संभाल नहीं पाए। ऐसे में इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम इंडिया के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की याद आई है, जो इस समय भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं। ब्रॉड का कहना है कि क्या विराट कोहली की गैरमौजूदगी में भारत पुजारा का चयन नहीं कर सकता था या फिर इस खिलाड़ी का इंटरनेशनल करियर खत्म हो गया है?

बता दें, भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट खेल चुके चेतेश्वर पुजार ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला पिछले साल जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। काउंटी क्रिकेट में धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह मिली थी, मगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह दोनों पारियों में मिलाकर 50 रन नहीं बना पाए थे।

स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपने अधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा कोहली के अनुभव और विश्व स्तरीय प्रतिभा की कमी के साथ, क्या पुजारा को भारत की बल्लेबाजी क्रम में वापस लाने का प्रलोभन होगा? या फिर उनका अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया है? ऐसा लगता है जैसे वह कुछ स्थिरता और एक एंकर ला सकता था।

चेतेश्वर पुजारा इस समय रणजी ट्रॉफी में पसीना बहा रहे हैं। मौजूदा सीजन में उन्होंने खेले 7 मुकाबलों में 78.10 की शानदार औसत के साथ 781 रन बनाए हैं।

इस दौरान उन्होंने 3 बार 100 रन का आंकड़ा भी पार किया जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। पुजारा का रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में हाईएस्ट स्कोर नाबाद 243 रनों का रहा है। हालांकि इतने शानदार परफॉर्मेंस के बाद भी उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ स्क्वॉड में जगह नहीं मिली है। ऐसे माना जा रहा है कि उनका टीम इंडिया के साथ सफर अब खत्म हो गया है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 26 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

फास्ट न्यूज

## रूपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर प्रेमिका का गला काटा, भर्ती

**धनबादः पैसों की** डिमांड पूरा नहीं होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेतकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। फिलहाल युवती गंभीर स्थित में धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है। मामला धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया का है। बताया जाता है कि धनबाद के केंदुआडीह पांच नंबर में रिश्तेदार के यहां रहने वाली प्रियंका कुमारी पिछले चार वर्षों से धनबाद के बरमसिया का रहने वाले एक युवक सूरज यादव जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, उससे प्यार करती थी। इस बीच कुछ ऐसा हुआ, जिससे युवती का प्यार से भरोसा उठ गया। अस्पताल में इलाजरत पीड़ित युवती ने कहा कि उसके कथित प्रेमी ने उसे रविवार की सुबह बरमसिया मिलने के लिए बुलाया था। उसके प्रेमी को पता था कि युवती के बैंक खाते में चार लाख रुपये जमा हैं। उसी चार लाख रुपये की वह मांग कर रहा था। पीड़ित के मुताबिक आज सुबह भी उसने रुपये की डिमांड की। युवती ने जब रुपये देने से साफ मना कर दिया तब गुस्से उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से उसका गला रेत कर उसकी जान लेनी चाही लेकिन वह किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाई। पुलिस युवती के बयान पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## राष्ट्रपति के रांची दौरे के मद्देनजर उपायुक्त ने विधि व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के दिए निर्देश

**रांचीः उपायुक्त राहुल** कुमार सिन्हा ने 28 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने शनिवार देर रात दिए आदेश में कहा कि हवाई अड्डा मुख्य गेट पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी का दायित्व होगा कि हवाई अड्डा के अन्दर सिर्फ उन्हीं व्यक्तियों को डीएफएमडी गेट से जाने देंगे जिनके पास जिला प्रशासन की ओर से निर्गत पास हो। हवाई अड्डा के बाहर भीड़ नहीं एकत्रित हो तथा कोई भी अनाधिकृत वाहन की पार्किंग नहीं होने पाए। एकत्रित जनसमूह को हवाई अड्डा से कार्यक्रम स्थल जाने वाली सड़क के दोनों किनारे 10 फीट की दूरी पर रखेंगे। साथ ही सड़क के दोनों तरफ वाहनों को भी खड़ा नहीं होने देंगे। थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। गश्ती दल का मुख्य दायित्व यह रहेगा कि वे राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व तथा उनके प्रस्थान तक सम्पूर्ण हवाई अड्डा के बाहरी क्षेत्रों में लगातार गश्ती करते रहेंगे और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश हवाई अड्डा के प्रतिबंधित क्षेत्र में न हो।

# 'समाज और देश के लिए नुकसानदायक है नशे की लत'

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को युवाओं में नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की और कहा कि नशे की लत से समाज को भारी नुकसान होता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित अश्वमेध यज्ञ में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नशीली दवाओं के खतरे पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशे की लत से समाज और देश को भारी नुकसान होता है पीएम मोदी ने अश्वमेध यज्ञ को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार का कोई भी आयोजन इतनी पवित्रता से जुड़ा होता है कि उसमें शामिल होना अपने आप में सौभाग्य की बात होती है। मुझे खुशी है कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अश्वमेध यज्ञ का हिस्सा बन रहा हूं।

**महाअभियान बन चुका है अश्वमेध यज्ञ- पीएम मोदी**

उन्होंने कहा- 'आज गायत्री परिवार का अश्वमेध यज्ञ सामाजिक संकल्प का एक महाअभियान बन चुका है। इस अभियान से लाखों युवा नशे और व्यसन से कैसे बचेंगे, उसकी एक असीम ऊर्जा राष्ट्र के निर्माण में काम आएगी। युवा ही हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं।'

**पीएम मोदी ने जताई चिंताः** प्रधानमंत्री ने नशे की लत को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी लत होती है जिस पर काबू नहीं पाया गया तो वो उस व्यक्ति का पूरा जीवन तबाह कर देती है। इससे समाज का, देश का बहुत बड़ा नुकसान होता है। इसलिए ही हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले एक राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। जो अब तक लगभग 11 करोड़ लोगों तक पहुंच चुका है।

**'आज विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा है देश':** उन्होंने कहा कि हम अपने देश के युवा को जितना बड़े लक्ष्य से जोड़ेंगे, उतना ही वो छोटी-छोटी गलतियों से बचेंगे। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा है। आज देश आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। नशा एक ऐसा खतरा है, जिस पर काबू नहीं पाया गया तो जिंदगियां तबाह हो जाती हैं। हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले अखिल भारतीय नशामुक्ति अभियान शुरू किया था।



### 'मेरा युवा भारत' से जुड़े डेढ़ करोड़ युवाः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने आगे कहा- 'देश की युवा शक्ति का पूरा लाभ उठाने के लिए सरकार ने भी मेरा युवा भारत नाम से बहुत बड़ा संगठन बनाया है। सिर्फ तीन महीने में ही इस संगठन से करीब-करीब डेढ़ करोड़ युवा जुड़ चुके हैं। इससे विकसित भारत का सपना साकार करने में सही उपयोग हो सकेगा।

**हम राष्ट्र निर्माण के अभियान में जरूर सफल होंगे- पीएम मोदी:** उन्होंने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समय मैंने कहा था कि अब भारत की एक हजार वर्षों की नई भारत की यात्रा शुरू हो रही है। आज आजादी के अमृतकाल में हम उस नए युग की आहट देख रहे हैं। हम व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में जरूर सफल होंगे।

**नशा मुक्त...**

> हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले एक राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी



र्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में घायलों को देखने और उनका हालचाल जानने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को केजीएमयू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से केजीएमयू के क्रेटिकल केयर मेडिसिन और क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती मरीजों के इलाज से संबंधित जानकारी हासिल की।

## साजिश के तहत हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल : विधायक बैद्यनाथ

**रांचीः झारखंड** मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 11वें दिन रविवार को लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शहदेव की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर मौजूद लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। केंद्र सरकार स्वतंत्र जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। झारखंड में चुनी हुई एक लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने का कुत्सित प्रयास किया गया। आगामी चुनावों में झारखंड की जनता इसका माकूल जवाब देगी।

## 'मन की बात' से मतदाता होंगे प्रभावित'



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रायपुर विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले हर्षिल एन्क्लेव बूथ नम्बर-4 चाणक्य कॉलेज कैम्पस गुजराड़ा मानसिंह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूह के साथ सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से मतदाताओं का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक बार पुनः प्रधानमंत्री ने अपने ओजस्वी विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का कार्य किया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने ह्वमेरा पहला वोट देश के लियेह्व की बात कही है। निश्चित रूप से इससे नए मतदाता प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा बने, जिसका नाम तो ह्वमन की बातह्व है लेकिन यह सही अर्थों में जन-जन की बात, देश के गौरव की बात, मां भारती के यशगान की बात तथा भारत के सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिन भी विषयों को इस कार्यक्रम में शामिल किया वे सभी जनजागरण का एक सशक्त माध्यम बने और नागरिकों पर इनका अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्तराखंड की कई विभूतियों, पर्यटक स्थलों आदि को भी मन की बात में समय समय पर स्थान मिला, जिसके परिणामस्वरूप हमारे लोक संगीत और हमारी लोक संस्कृति से पूरे विश्व के लोग परिचित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए लोगों का भरोसा जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है। आज देश के अन्दर 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गयी है, दिव्यांग जनों को सशक्त बनाया गया, लगभग 50 करोड़ जनधन खाते खोले गए।

**मन की बात**

> 'मन की बात' के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूह के साथ सुना

## सांसद निशंक ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के ग्राम मिश्रपुर में बूथ नंबर 89 पर पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक पहुंच। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने अंबेडकर पार्क में पहुंचकर डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' के कार्यक्रम में दूर गांव में बैठे हुए लोगों की चिंता करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वह सभी व्यवसाय और अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते हैं।

## 'जल परमात्मा का वरदान, हमें इस अमृत की संभाल करनी है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के निर्देशन में अमृत प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का शुभारम्भ हरिद्वार हर की पौडी से किया गया। बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना समस्त भारतवर्ष के 27 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 1533 से अधिक स्थानों पर 11 लाख से भी अधिक स्वंयसेवकों के सहयोग से एक साथ विशाल रूप में आयोजित की गई। हरिद्वार में हर की पौड़ी, घंटाघर, सुभाष घाट, रामघाट, सीसी टावर के आसपास, रोड़ी बेलवाला आदि क्षेत्रों की सफाई हरिद्वार, ज्वालापुर, मसाई कला, लाम मजाहिदपुर के स्वयं सेवको द्वारा की गई। लक्सर क्षेत्र में पश्चिम मुहानि बाण गंगा की सफाई लक्सर, शाहपुर, शेरपुर बेला, के निरंकारी स्वयं सेवको द्वारा की गई। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में बाबा हरदेव सिंह की प्रेरणा से प्रोजेक्ट अमृत का आयोजन किया गया। इस वर्ष ह्वआओ संवारे, यमुना किनारेह्व के मूल संदेश द्वारा इस परियोजना को एक जन जागृति का रूप दिया। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के सभी अधिकारी, गणमान्य अतिथि तथा हजारों की संख्या में स्वयंसेवक और सेवादल के सदस्य सम्मिलित हुए। संत निरंकारी मण्डल के मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हर भजन सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के दौरान सुरक्षा के हर वैधानिक मापदण्ड का उचित रूप से पालन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी सेवादारों एवं आंगतुको के बैठने, जलपान, पार्किंग, एम्बुलेंस एवं मेडिकल सुविधाओं इत्यादि का समुचित प्रबंध किया गया। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। श्री सुखीजा ने सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की न होकर हर महीने भिन्न भिन्न घाटों व जल स्त्रोतों की स्वच्छता के साथ निरंतर चलती रहेगी। प्रोजेक्ट अमृत के दूसरे चरण का आरम्भ करते हुए निरंकारी राजपिता रमित ने सतगुरु माता जी से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने अपने जीवन से हमें यही प्रेरणा दी कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए न की किसी प्रशंसा की चाह में।



**निष्काम**

> बाबा हरदेव सिंह ने अपने जीवन से हमें यही प्रेरणा दी कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए

## लोस चुनाव को लेकर धामी सरकार अलर्ट मोड पर, मिले 315 संदिग्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत धामी सरकार अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में हल्द्वानी हिंसा से सीख लेते हुए प्रदेश भर में संदिग्धों पर पुलिस-प्रशासन की कड़ी नजर है। दून पुलिस ने रविवार को डोर-टू-डोर दस्तक दी तो कुल 315 संदिग्ध मिले, जिन्हें थाने लाकर पूछताछ की और 151 व्यक्तियों का चालान कर 41250 रुपये जुमार्ना लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह के निर्देश पर शहर से देहात तक विभिन्न संदिग्ध बस्तियों में पुलिस ने बृहद स्तर पर डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलाया। रविवार को पांच घंटे तक चले सत्यापन अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीम ने पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्रों में निवासरत किराएदारों, बाहरी जनपदों से कार्य करने आने वाले लोगों, रेहड़ी-ठेली वालों, स्क्रैप डीलर-कबाड़ियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया। पुलिस टीम ने डोर-टू-डोर सत्यापन में कुल 5871 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की।

इसके अलावा किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले 908 मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 90,80,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। 151 व्यक्तियों का चालान।



**कड़ी नजर**

> ऐसे में हल्द्वानी हिंसा से सीख लेते हुए प्रदेश भर में संदिग्धों पर पुलिस-प्रशासन की कड़ी नजर है

## बनभूलपुरा हिंसाः मुख्य आरोपित की पुलिस को मिली 10 दिन की रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानीः** हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को सेशन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मलिक को 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। कोर्ट ने अब्दुल मलिक को 6 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखने की अनुमति दे दी है। इस अवधि में पुलिस अब्दुल से पूछताछ कर कई अहम जानकारियां हासिल करने की कोशिश करेगी, जिससे वह हिंसा करने में शामिल लोगों के नाम पता कर उन तक पहुंच सके और उनके मंसूबों के बारे में जाना सके। गौरतलब है कि आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था।

## भाजपा से डरकर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से किया है गठबंधनः बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

**हरियाणा भाजपा** प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा से डरकर कांग्रेस ने ऐसी पार्टी से गठबंधन कर लिया है जिसकी पूरी कैबिनेट जेल में बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि विनाशकाले विपरित बुद्धि, अब कांग्रेस के विनाश को कोई नहीं रोक सकता। बिप्लब देब रविवार को पलवल की अनाज मंडी में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम ने किया था। भाजपा प्रभारी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समाज सुधारक बताया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में व्यवस्था को पूरी तरह से बदला है और पूरे देश को तेज गति से विकास की राह पर लेकर चल रहे हैं। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनाव लड़ने की हिम्मत ही नहीं रही, इसलिए अब उसने ऐसी पार्टी से हाथ मिला लिया है जिसके मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं।

विपक्ष की दूसरी पार्टियों पर हमला बोलते हुए बिप्लब देब ने कहा कि कुछ पार्टियां बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के नाम को वोट बटोरने के लिए इस्तेमाल कर रही है। बिप्लब कुमार देब कहा कि कांग्रेस काफी लंबे समय तक देश की सत्ता पर काबिज रही है, लेकिन देश के विकास और गरीबों के हितों के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ परिवार का विकास और भ्रष्टाचार करना रहा है।



## 'ज्वलंत मुद्दों को सूचीबद्ध करने में देरी न्याय की गुणवत्ता को करती है प्रभावित'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी लोकुर ने कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद 370 जैसे ज्वलंत मुद्दों को सूचीबद्ध करने में लंबी देरी न्याय की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। साथ ही इस धारणा को भी बल मिलता है कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि मामलों को सूचीबद्ध करने में देरी की समस्या कोई नई बात नहीं है और यह बहुत लंबे समय से है खासकर सुप्रीम कोर्ट में। न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) द्वारा यहां आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद-370 और राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बांड जैसे मामले कई वर्षों के बाद सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध किए गए। उन्होंने कहा- " नोटबंदी से संबंधित मुद्दा शायद चार या पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ। इसी तरह चुनावी बांड से संबंधित मुद्दा भी पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ।" दिसंबर 2018 में सेवानिवृत्त हुए जज ने कहा कि आज आम धारणा यह है कि यदि कोई मामला किसी विशेष पीठ के समक्ष भी जाता है तो उसका परिणाम भी यही होगा। न्यायमूर्ति लोकुर ने पूर्व जेएनयू छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद के मामले का भी जिक्र किया, जिसने हाल ही में फरवरी 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों के साजिश के आरोप में आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दर्ज मामले में शीर्ष अदालत से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी।

**सूचीबद्ध**

> नोटबंदी से संबंधित मुद्दा शायद चार या पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ: पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी लोकुर

**कॉरिडोर** काशी-उज्जैन के बाद बनेगा तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर, स महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने इस कॉरिडोर की आधारशिला रख दी

## 'दिव्य लोक': मां कामाख्या के परिसर का होगा कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटीः** देश के खूबसूरत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल कॉरिडोर के बाद अब मां कामाख्या मंदिर की बारी है। असम के गुवाहाटी में स्थित 51 शक्तिपीठों में शामिल मां कामाख्या देवी मंदिर अब 'दिव्य लोक' बनने जा रहा है। दरअसल, इस महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने इस कॉरिडोर की आधारशिला रख दी है। पिछले साल, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा इसकी एक झलक साझा की थी। मां कामाख्या दिव्य परियोजना को पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल योजना के तहत मंजूरी दी गई है। इस कदम का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना भी है।

**वीडियो में दिखी कॉरिडोर की झलकः** मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर देश का तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर बनने जा रहा है। काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल कॉरिडोर के बाद मां कामाख्या गलियारे का स्थान होगा। मां कामाख्या गलियारे की रूपरेखा बहुत पहले ही तैयार कर ली गई है, जिसकी पहली झलक असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक वीडियो पोस्ट कर दिखाई थी।

**बेहद खास होगा मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोरः** कॉरिडोर का शुरूआती डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है, जिसके मुताबिक 15वीं शताब्दी के मंदिर को 21 सदी के हिसाब से तैयार किया जाएगा।

मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर को 498 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।

कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर के चारों ओर ओपन स्पेस 3000 वर्ग फुट से बढ़कर लगभग 1 लाख वर्ग फुट हो जाएगा।

गलियारे की औसत चौड़ाई भी 10 फीट से बढ़ाकर 30 फीट की जाएगी। भविष्य में इस कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए 3 एकड़ जमीन भी रिजर्व रखी जाएगी।

मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर में मुख्य मंदिर के साथ ही नीलांचल पर्वत पर स्थित कई और मंदिरों का भी विकास होगा।

मंदिर परिसर के अंदर वर्तमान में लगभग 4,000 श्रद्धालुओं की जगह है।



**गलियारा**

> मां कामाख्या गलियारे की रूपरेखा बहुत पहले ही तैयार कर ली गई है :